राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 347
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 09 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी ग्रेटर नोएडा लिंक रोड
पेज 4 दूसरे का गेट खटखटाने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या
पेज 6 अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, सबसे कम गेंदों में पूरे किए टी20

## संक्षिप्त खबरें

### 14 साल की छात्रा से स्कूल में गैंगरेप

**मऊगंज।** मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले में 14 साल की एक नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना तब हुई जब वह घर से पानी भरने के लिए हैंडपंप पर गई थी। गांव के ही तीन युवकों ने उसे जबरन पास के सरकारी स्कूल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मामला लौर थाना क्षेत्र का है। नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली 14 वर्षीय छात्रा शुक्रवार शाम करीब 6 बजे घर से बाल्टी लेकर हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। छात्रा ने बताया कि तभी गांव के एक लड़के ने उसे पीछे से पकड़ लिया और जबरन स्कूल की बाउंड्री के अंदर ले गया।

### बंगाल सरकार ने वर्ल्ड चैंपियन ऋचा घोष को डीएसपी बनाया

भारत की विमेंस वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाली सिलीगुड़ी की 22 साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को पश्चिम बंगाल सरकार ने बंग भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया है। इसके साथ ही उन्हें पुलिस उपाधीक्षक भी नियुक्त किया गया और एक सोने की चेन भेंट की गई। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने उन्हें 34 लाख रुपए का इनाम दिया। फाइनल में उनके 24 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 34 रन बनाए थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट में साइबर हमले का शक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों में आई अचानक गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच कराई जा रही है। जांच में ये भी देखा जा रहा है कि कहीं इसमें बाहरी ताकत या साइबर हमले का हाथ तो नहीं था। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार ने शुक्रवार शाम को ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक बुला ली थी। इसमें एयरपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों समेत अन्य सभी स्टेक होल्डरों को तलब किया गया था। इसमें फ्लाइट प्लान सिस्टम में अचानक आई खराबी की जांच के आदेश दिए गए हैं। इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि क्या सिस्टम की खराबी किसी बाहरी दखल या तोड़फोड़ की वजह से हुई थी? साथ ही, साइबर हमले की संभावना की भी जांच की जा रही है।

# ठंड ने दी दस्तक, बदला मौसम

- मध्य और पश्चिमी भारत में अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम होने की संभावना।
- दिल्ली में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं।
- यूपी-बिहार में अगले 24 घंटे में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है तापमान।



नई दिल्ली। मानसून की विदाई के बाद दक्षिण के कुछ राज्यों में बारिश का सिलसिला अभी भी जारी है। वहीं, उत्तर भारत में सर्दियां पैर पसारने लगी हैं। बीते दिन से दिल्ली एनसीआर समेत कई जगहों पर ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। पहाड़ी राज्यों में बदलते मौसम का असर मैदानी इलाकों पर भी देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, ठंड दबे पांव दस्तक दे रही है, जिससे रात के समय तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। राजस्थान, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की कुछ जगहों पर रात में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया है।

### ठंड पर आईएमडी का अलर्ट

मौसम विभाग का कहना है कि हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में तापमान सामान्य से 2-5 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। वहीं, अगले 6-7 दिनों में तापमान में इससे भी अधिक गिरावट देखी जा सकती है। खासकर मध्य और पश्चिमी भारत में अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक कम हो सकता है।

### दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम?

दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि, इस दौरान सुबह-शाम धुंध छाए रहने की संभावना है। वहीं, राजधानी समेत आसपास के हिस्सों में 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार है, जिससे ठंड का एहसास बढ़ सकता है। साथ ही न्यूनतम तापमान भी 13-14 सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है।

जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की बात करें तो पश्चिमी विक्षोभ के कारण 4000 फीट से अधिक ऊंचाई वाली जगहों पर बर्फबारी देखने को मिली है। इन राज्यों में तापमान और भी अधिक गिरने की उम्मीद है। ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रह सकता है।

### यूपी-बिहार में मौसम का हाल

पहाड़ी राज्यों में बदलते मौसम का असर यूपी-बिहार के मैदानी इलाकों में भी देखने को मिलेगा। अगले 24 घंटे में पारा 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की संभावना है, जिसके बाद 4-5 दिन तक तापमान में कोई बदलाव नहीं आएगा। हालांकि, इसके बाद इन राज्यों में ठंड का सितम बढ़ने की उम्मीद है।

# दिल्ली के बाद काठमांडू एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी

**शाम 5.30 बजे से उड़ानें रुकीं; 100 अंतराराष्ट्रीय 250 घरेलू फ्लाइट्स पर असर**

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को तकनीकी खराबी आने के कारण सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोक दी गईं।

एयरपोर्ट के प्रवक्ता रिजी शेरपा ने बताया कि रनवे की लाइटिंग सिस्टम में दिक्कत आ गई है। खराबी शाम करीब 5: 30 बजे (स्थानीय समय) पर सामने आई।


एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि टेक्निकल टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और लाइटिंग सिस्टम को ठीक करने का काम चल रहा है। जल्द ही उड़ानें फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही है। इस तकनीकी खराबी से करीब 350 विमान प्रभावित हुए हैं। इनमें 250 से ज्यादा घरेलू उड़ानें और लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। शनिवार को दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी ऐसी दिक्कत आई थी, इससे 800 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित हुई थीं।

### तीन फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया

खराबी की वजह से दो घरेलू और तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दूसरे हवाई अड्डों पर डायवर्ट कर दी गईं। कतर एयरवेज की उड़ान ढाका, कोरियन एयर की उड़ान दिल्ली और फ्लाई दुबई की उड़ान लखनऊ भेजी गई।

बुद्ध एयर की दो घरेलू उड़ानें नेपाल के अन्य लोकल एयरपोर्ट पर भेजी गईं। एक कर्मचारी ने मीडिया से कहा कि रनवे की लाइटिंग सिस्टम पायलटों को रात में या खराब विजिबिलिटी के वक्त में लैंडिंग में मदद करती है। समस्या के सटीक कारण का खुलासा नहीं हुआ, लेकिन इसे आज रात तक ठीक करने की उम्मीद है।

### आग का कहर



नई दिल्ली के रोहिणी इलाके में रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास लगभग 500 झुग्गियों में लगी आग के बाद दमकलकर्मी पानी छिड़कते हुए।

### कटक में बालकनी गिरी, एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

कटक। ओडिशा के कटक में शनिवार को एक पुरानी इमारत की बालकनी गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए। मरने वालों में एक बच्चा भी शामिल है। मृतकों की पहचान अब्दुल जलील (60), अब्दुल जाहिद (30) और अब्दुल मुजाहिद (5) के रूप में हुई। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर दुख जताते हुए प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की।

# जैसलमेर में सेना की मिसाइल टारगेट से चूकी

**गांव से 500 मीटर पहले गिरी, तेज धमाके से दहशत; सैन्य अभ्यास के दौरान हुई घटना**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में सैन्य अभ्यास के दौरान मिसाइल मिस फायर हो गई। टारगेट से मिस हुई मिसाइल रेंज के पास ही भादरिया गांव के पास गिरी। मिसाइल गिरते ही तेज धमाका हुआ। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

घटना शनिवार शाम 4 बजे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज की है। सूचना पर स्थानीय पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंची। मिसाइल के पिछले हिस्से के मलबे को पिकअप गाड़ी में



लादकर फील्ड फायरिंग रेंज में ले गए। बाकी के टुकड़ों की तलाश की जा रही है।

सैन्य सूत्रों के अनुसार जैसलमेर के लाठी क्षेत्र में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में शनिवार को भारतीय वायु सेना का नियमित अभ्यास चल रहा था। इस दौरान दागी गई एक मिसाइल टारगेट से भटक गई।

मिसाइल फील्ड फायरिंग रेंज की वायरिंग के पास भादरिया गांव से 500 मीटर दूर गिरी। धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। भादरिया गांव के लोग घरों से बाहर निकल आए। गांव की आबादी करीब 3 हजार है।


सेना के अधिकारियों ने तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया। जवानों ने भादरिया गांव के पास से मिसाइल का पिछला हिस्सा बरामद किया। वे पिकअप गाड़ी में मिसाइल के टुकड़े को लादकर ले गए। जानकारी के अनुसार धमाका इतना तेज था कि आसपास के गांवों में लोग दहशत में आ गए।

सेना ने मिसाइल के टुकड़ों को कब्जे में ले लिया है। किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। मिसाइल के मिसफायर होने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी (पति से)- जब हमारी नई-
नई शादी हुई थी तब
आप मुझे बड़े प्यारे-प्यारे नामों से
बुलाते थे जैसे- मेरी रसमलाई,
मेरी बरफी, मेरी रबड़ी
अब क्यों नहीं बुलाते?
पति- पगली दूध की मिठाई
कितने दिन फ्रेश रहेगी
पत्नी की बोलती बंद
हो गई......



## शायरी

इस बार इंतिज़ाम तो सर्दी का हो
गया
क्या हाल पेड़ कटते ही बस्ती का
हो गया

# अजीत पवार के बेटे की कंपनी का एक और घोटाला

**बोपोडी में सरकारी जमीन हड़पने का आरोप; 9 के खिलाफ केस दर्ज**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार की कंपनी अमेडिया होल्डिंग्स का एक और जमीन घोटाला सामने आया है। नया मामला बोपोडी इलाके का है।

यहां कृषि विभाग की जमीन होने के बावजूद, तहसीलदार के साथ मिलकर जमीन हड़पने और फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप लगे हैं।

इस मामले में अमेडिया कंपनी के डायरेक्टर दिग्विजय अमरसिंह पाटिल समेत 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

इससे पहले, 6 नवंबर को पार्थ पवार की कंपनी पर पुणे के मुंढवा में करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप लगा था।

मामले में एक अधिकारी को सस्पेंड भी कर दिया गया है। सरकार ने जांच के लिए हाई-लेवल कमेटी बनाई है।



### नायब तहसीलदार ने शिकायत दर्ज कराई

इस संबंध में नायब तहसीलदार प्रविणा शशिकांत बोर्डे (उम्र 50) ने खडक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

यह कथित घटना छत्रपति शिवाजी रोड पर स्थित मामलेदार कचहरी में 12 फरवरी 2024 से 1 जुलाई 2025 के बीच हुई थी।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता प्रविणा बोर्डे नायब तहसीलदार के रूप में उपविभागीय अधिकारी कार्यालय में नियुक्त हैं।

उन्होंने सरकार की ओर से प्राधिकृत अधिकारी के रूप में यह शिकायत दर्ज कराई है।

### राहुल बोले- एक तो लूट, और उसपर कानूनी मुहर में भी छूट



मामले में 8 नवंबर को राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में दलितों के लिए आरक्षित 1800 करोड़ की सरकारी जमीन मंत्री के बेटे की कंपनी को सिर्फ 300 करोड़ रुपए में बेच दी गई। राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में आगे लिखा- ऊपर से स्टाम्प ड्यूटी भी हटा दी गई। मतलब एक तो लूट, और उसपर कानूनी मुहर में भी छूट। ये उस सरकार की जमीन चोरी है, जो खुद वोट चोरी से बनी है। उन्हें पता है, चाहे जितना भी लूटें, वोट चोरी कर फिर सत्ता में लौट आएंगे।

### पुणे के मुंढवा में 300 करोड़ की जमीन डील रद्द

इस बीच, पुणे के मुंढवा में 300 करोड़ की जमीन डील रद्द कर दी गई है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को ष्टरूफडणवीस से मुलाकात के बाद कहा- पुणे की जिस विवादित जमीन को मेरे बेटे पार्थ पवार से जुड़ा बताया जा रहा है, वह डील रद्द कर दी है। हालांकि, इसको रद्द करने के लिए दोनों पक्षों को 21 करोड़ रुपए यानी कुल 42 करोड़ रुपए भरने होंगे।

### कश्मीर में पाकिस्तानी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में आतंक नेटवर्क को तोड़ने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। जम्मू-कश्मीर पुलिस, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की संयुक्त टीमों ने 120 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। छापों के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड, डिजिटल डिवाइस और अन्य सामग्री जब्त की गई। जांच एजेंसियों के मुताबिक, यह ऑपरेशन खास खुफिया इनपुट के आधार पर किया गया। जानकारी मिली थी कि जेल में बंद और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में बैठे आतंकियों के रिश्तेदार बडगाम, कुलगाम और शोपियां जैसे दूरदराज इलाकों से उनके संपर्क में हैं। इन पर भारत में पाकिस्तान का प्रोपेगेंड फैलाने का आरोप है। गांदरबल में 60 से ज्यादा घरों की तलाशी ली गई।

# संसद का विंटर सेशन 1 से 19 दिसंबर तक

- 15 बैठकें होंगी; मानसून सत्र के दौरान धनखड़ ने इस्तीफा दिया था, एसआईआर पर हंगामा हुआ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में पूरे सत्र के दौरान 15 बैठकें होंगी।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद सत्र बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे पहले 21 जुलाई से 21 अगस्त तक संसद का मानसून सत्र चला था। सत्र के पहले दिन राज्यसभा के तत्कालीन उपसभापति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दे दिया। फिर पूरा सत्र बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया था। मानसून सत्र में कुल 21 बैठकें हुईं।

लोकसभा में 120 घंटे चर्चा का समय निर्धारित था, लेकिन सिर्फ 37 घंटे कार्यवाही चली।

राज्यसभा में सिर्फ 41 घंटे चर्चा हुई। लोकसभा-राज्यसभा में कुल 27 बिल पास हुए। गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाला संविधान संशोधन बिल सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इसे जेपीसी के पास भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ।

## अर्थसार



संसेक्स:
83,216.28
-94.73 (0.11%)
निफ्टी:
25,492.30
-17.40

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 11 डिग्री से0 |
| सूयोदय सोमवार | : | 6 : 41 |
| सूर्यास्त रविवार | : | 5 : 40 |

# नारको-टेरर मॉड्यूल का सरगना मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने शनिवार को नारको-टेरर मॉड्यूल के सरगना को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद अरशद उर्फ आसिफ, जो पुंछ जिले के हवेली तहसील के डेगवार-तेरवान गांव का निवासी है।

एसआईए के प्रवक्ता के अनुसार, अरशद 2023 से फरार था और सऊदी अरब से ऑपरेट कर रहा था। वह पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स और जम्मू-कश्मीर में सक्रिय नारको-टेरर ऑपरेटिव्स के बीच मुख्य कड़ी के रूप में काम कर रहा था।

2023 में अरशद के खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किया गया था, जिसके बाद अदालत से गैर-जमानती वारंट भी जारी हुआ। अब आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर एसआईए की हिरासत में लिया गया है।

### आठ आरोपी, जिनमें से दो फरार थे

इस मामले में कुल आठ आरोपी शामिल पाए गए थे, जिनमें से दो फरार थे।

इनमें से एक फरार आरोपी लकीत अहमद को एसआईए जम्मू ने मार्च 2025 में अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था।


वह घटना के बाद दुबई भाग गया था, जहां अरशद ने उसकी यात्रा की व्यवस्था की थी।

**आतंकी ढेर** — **घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे; सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों पर फायरिंग की**

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना को नियंत्रण रेखा के पार से शुक्रवार को घुसपैठ की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया था।

भारतीय सेना की यूनिट चिनार कॉर्प्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी फायरिंग में दो आतंकी मारे गए। ऑपरेशन अभी जारी है।



सेना ने इसे ऑपरेशन पिंपल नाम दिया है।

मारे गए आतंकियों की पहचान या उनके संगठन की जानकारी अभी नहीं मिली है। इससे पहले 5 नवंबर को किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में मुठभेड़ हुई थी। आतंकियों की फायरिंग से एक जवान घायल हो गया था।

### जम्मू-कश्मीर की जेलों में पुलिस का छापा

कुपवाड़ा में मुठभेड़ के बीच जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने शनिवार को घाटी की कई जेलों में छापा मारा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान अगर कुछ भी अवैध बरामद होता है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अधिकारियों ने इसे नियमित जांच का हिस्सा बताया और कहा कि इंटरनल सिक्योरिटी को मजबूत करने और जेल सुविधाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ताकि जेलों के अंदर कोई गैरकानूनी गतिविधि न हो।

### कुपवाड़ा में 26 दिन पहले भी दो आतंकी मारे गए थे

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में 13 अक्टूबर को सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। यह ऑपरेशन भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास कुंबकडी के जंगल में चला था। आतंकियों ने यहां से घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम किया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद सेना की लगातार कार्रवाई जारी है। एलओसी पर सीमा पार से घुसपैठ की कई कोशिशें नाकाम की गई हैं। इंटरनेशनल बॉर्डर पर निगरानी और सर्च ऑपरेशन को और मजबूत किया गया है।

# संपादकीय

## ‘14 नवंबर : क्या बिहार का फैसला भारत को मध्यावधि चुनाव की ओर धकेल देगा?’

### जब एक राज्य का चुनाव बना राष्ट्रीय परीक्षा

14 नवंबर 2025 — एक ओर देश बाल दिवस मनाएगा, दूसरी ओर लोकतंत्र अपनी सबसे बड़ी राजनीतिक परीक्षा देगा। क्योंकि इसी दिन आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे यह तय करेंगे — क्या यह सिर्फ़ एक राज्य का फैसला होगा, या दिल्ली की सत्ता के भविष्य का संकेत? इस बार सवाल सिर्फ़ बिहार का नहीं है — यह सवाल उस व्यवस्था का है जिसने केंद्र की स्थिरता, विपक्ष की एकता और जनता के धैर्य — तीनों को परखने का मौका दिया है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### एनडीए की बेचैनी – नीतीश की चुप्पी, एक अनकही चेतावनी

भाजपा और जनता दल (यू) का गठबंधन इस बार मित्रता से ज़्यादा मजबूरी का गठबंधन लगा। सीट बाँट पर खटास, प्रचार में दूरी और कार्यकर्ताओं में असंतोष ने माहौल पहले ही बदल दिया था। नीतीश कुमार का बयान — ‘हम सम्मान चाहते हैं, एहसान नहीं’ — दरअसल एक इशारा है कि गठबंधन अब वैचारिक नहीं, परिस्थितिजन्य रह गया है। सूत्र बताते हैं कि अगर नतीजे भाजपा की अपेक्षा से अलग रहे, तो नीतीश न केवल अपनी भूमिका पुनर्परिभाषित कर सकते हैं, बल्कि केंद्र की राजनीति में भी हलचल ला सकते हैं।

### बिहार का जनमत – मौन में छिपा संदेश

पहले चरण में 64.6 प्रतिशत मतदान — यह आँकड़ा साधारण नहीं है। इतना ऊँचा मतदान या तो परिवर्तन का संकेत देता है, या फिर आख़िरी भरोसे का। किसी भी स्थिति में, बिहार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब सिर्फ़ सुनने नहीं, निर्णय लेने को तैयार है। बिहार हमेशा भारत की राजनीति का बैरोमीटर रहा है। 1977 में इमरजेंसी यहीं से टूटी थी, 2015 में भाजपा की पराजय यहीं से विपक्ष को पुनर्जीवित किया था। अब 2025 में वही प्रश्न लौट आया है — क्या पटना फिर दिल्ली की दिशा तय करेगा?

### विपक्ष की रणनीति – ‘जनादेश वापसी’ की जंग

राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन ने इस चुनाव को ‘जनादेश की वापसी’ का आंदोलन बना दिया है। उनका नारा — ‘वोट चोरी नहीं, वोट की इज़्ज़त चाहिए’ — जनता की गहराती बेचैनी को दिशा देने की कोशिश है। अगर महागठबंधन को बढ़त मिलती है, तो यह केवल राज्य की जीत नहीं होगी, बल्कि केंद्र के खिलाफ़ ‘जन चेतावनी’ मानी जाएगी। ऐसे में विपक्ष संसद से लेकर सड़क तक मध्यावधि चुनाव की माँग को नैतिक बल दे सकता है।

### भाजपा के लिए परीक्षा – नीतीश के बिना कितना टिकेगा ‘मिशन 2029’?

भाजपा के लिए बिहार केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि सत्ता प्रबंधन की परीक्षा है। महाराष्ट्र, हरियाणा और अब बिहार — तीनों राज्यों में सहयोगी दलों की नाराज़गी ने यह सवाल उठा दिया है कि ‘संगठन मजबूत है या गठबंधन कमजोर?’ अगर इस बार बिहार हाथ से गया, तो ‘मिशन 2029’ की राह दिल्ली में भी डगमगा सकती है।

### आर्थिक और सामाजिक पृष्ठभूमि – असंतोष का बारूद

महंगाई, बेरोज़गारी, किसान असंतोष और पलायन — बिहार की ज़मीन पर ये मुद्दे अब राजनीतिक विस्फोट में बदल रहे हैं। एक ऐसा राज्य जो कभी श्रम से देश चलाता था, आज खुद बेरोज़गारी का प्रतीक बन गया है। यदि इस असंतोष ने सत्ता विरोधी लहर का रूप लिया, तो उसका असर दिल्ली की कुर्सी तक पहुँचना तय है।

### 14 नवंबर : निर्णायक मोड़ की दस्तक

पंडित नेहरू के शब्द याद आते हैं — ‘लोकतंत्र में जनता की राय सबसे बड़ी सरकार होती है।’ 14 नवंबर शायद वही दिन हो जब जनता फिर यह साबित करे कि सत्ता किसी व्यक्ति की नहीं, उसके विश्वास की बंधक है। नीतीश की नाराज़गी, जनता का मौन और विपक्ष की एकजुटता — ये तीनों संकेत बता रहे हैं कि राजनीति एक मोड़ नहीं, बल्कि मोर्चे पर पहुँच चुकी है। अब सवाल यह नहीं कि बिहार कौन जीतेगा, सवाल यह है कि क्या यह जीत दिल्ली की गद्दी हिला देगी? क्योंकि इतिहास गवाह है — जब-जब बिहार ने करवट ली है, दिल्ली की सत्ता काँप उठी है।

## आत्मघात की मजबूरी

यह तथ्य हृदयविदारक ही है कि देश में एक साल के दौरान करीब चौदह हजार छात्रों ने आत्महत्या की। पहली नजर में आत्मघात के मूल में पढ़ाई का दबाव, छात्रों की संवेदनशीलता और तंत्र की नाकामी बताई जा सकती है। लेकिन सवाल है कि हमारा तंत्र क्यों संवेदनहीन बना हुआ है? यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को तलब करके इस बाबत विस्तृत विवरण मांगा है। साथ ही सवाल पूछा है कि क्या देश के सभी शिक्षण संस्थान छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी निभा रहे हैं? विडंबना यह है कि देश में मोटी पगार वाली नौकरियों की गलाकाट स्पर्धा में शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक उस दायित्व को भूल गए हैं, जो छात्रों को विषयगत शिक्षा के साथ विषम परिस्थितियों के बीच जीवन जीने की कला सिखा सके। उन्हें व्यावहारिक जीवन का कौशल सिखाने के साथ ही चुनौतियों से जूझने की मानसिक शक्ति विकसित करने के लिए तैयार कर सकें। आखिर किसी परिवार की उम्मीद को किस स्थिति में यह सोचना पड़ता है कि मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प है? शिक्षा परिसरों में ऐसी स्थितियां क्यों विकसित हो रही हैं कि विद्यार्थी जीवन से हार मानने लगे हैं? निस्संदेह, शिक्षण संस्थानों का एक मात्र लक्ष्य किताबी ज्ञान देकर डिग्री बांटने तक ही नहीं हो सकता। शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन तंत्र को अपने परिसर में समता, ममता और सहजता का वातावरण तैयार करना होगा। जहां किसी भी तरह तनाव, मानसिक कष्ट व भेदभाव नजर न आए और कारगर शिकायत निवारण तंत्र विकसित हो। ऐसा न होने पर ही सरस्वती के मंदिरों में तनाव की फसल उग रही है। हमारे नीति-नियंता इस दुखदायी स्थिति पर अंकुश लगाने हेतु किसी तरह की गंभीर पहल करते नजर नहीं आते। यदि गाल बजाने वाले राजनेता कोई कदम उठाने की लोकलुभावनी घोषणा करते भी हैं तो भी जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। घोषणाएं प्रभावी भी होनी चाहिए।

सवाल यह भी है कि शैक्षणिक परिसरों में आत्महत्या रोकने के लिये जो कदम केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए थे, उसके बाबत देश की शीर्ष अदालत को क्यों पहल करनी चाहिए? इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि केंद्र व राज्य सरकारें आठ सप्ताह के भीतर वह विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें, जो आत्महत्या रोकने के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। दुखद स्थिति यह भी है कि देश में छात्रों के आत्मघात के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसकी पुष्टि खुद राष्ट्रीय अपराध रेकॉर्ड ब्यूरो भी कर रहा है। जो साल 2023 में देश की शिक्षण संस्थाओं में 13,892 छात्रों की मौत को गले लगाने की बात स्वीकार करता है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि यह संख्या पिछले एक दशक में पैंसठ प्रतिशत बढ़ी है।

# रेल सुरक्षा : सुधार की पटरियों पर कब चढ़ेगा सिस्टम?

योगेश कुमार गोयल

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई।

बिना सर्जरी के एक हफ्ते में बवासीर से छुटकारा पाने का असरदार तरीका!



भारत की रेल पटरियां देश की धमनियां कही जाती हैं, जो प्रतिदिन करोड़ों लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती हैं, जो अर्थव्यवस्था का इंजन चलाती हैं, जो इस विशाल देश की सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का प्रतीक हैं लेकिन जब इन्हीं पटरियों पर बार-बार मौत की चीखें गूंजती हैं तो सवाल केवल हादसों का नहीं रहता बल्कि उस पूरे तंत्र की आत्मा पर उठता है, जिसने सुरक्षा को केवल एक चुनावी ‘घोषणापत्र’ सरीखा बनाकर रख दिया है। बिलासपुर के लालखदान में हुआ हालिया रेल हादसा इसी गहरी लापरवाही का ताजा उदाहरण है, जहां एक मेमू ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, 11 यात्रियों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा घायल हो गए। इंजन मालगाड़ी के गार्ड केबिन पर चढ़ गया और वह मंजर किसी युद्धस्थल से कम नहीं था। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर की यह दुर्घटना देश के लिए महज एक और संख्या नहीं है बल्कि इस बात की प्रतीक है कि भारत के रेल तंत्र में तकनीक, सतर्कता और जवाबदेही का घोर अभाव है। बिलासपुर कलेक्टर के अनुसार, ट्रेन कोरबा से बिलासपुर के लिए रवाना हुई थी और गतौरा-बिलासपुर के बीच मालगाड़ी से टकरा गई। इस टक्कर ने एक बार फिर यह उजागर कर दिया कि देश में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था आज भी ‘कागज पर कवच’ से ज्यादा कुछ नहीं है। इस हादसे की भयावहता के साथ ही जब हम इसी साल के कुछ अन्य रेल हादसों पर नजर डालते हैं, तो एक सिहरन सी उठती है। महाराष्ट्र के ठाणे में जून 2025 में चार यात्रियों की मौत केवल इसलिए हुई थी क्योंकि भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेनों में पायदान पर लटकते यात्रियों के बैग आपस में टकरा गए थे। बिहार के कटिहार में जून 2025 में अवध असम एक्सप्रेस रेलवे ट्रॉली से टकरा गई, जिससे एक ट्रॉलीमैन की मौत और चार कर्मचारी गंभीर घायल हुए। मार्च में ओडिशा के कटक जिले में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। अप्रैल 2025 में झारखंड के साहेबगंज में दो मालगाड़ियों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई। जुलाई 2025 में उसी जिले के बरहड़वा में बिना लोको पायलट की 14 बोगियां तेज रफ्तार से दौड़ती हुई दूसरी मालगाड़ी से जा टकराईं।

बिलासपुर का हादसा तो इस साल का सबसे बड़ी रेल दुर्घटना बन चुका है। यह स्पष्ट संकेत है कि हादसे अब अपवाद नहीं बल्कि एक भयानक पैटर्न बन चुके हैं। हर बार रेल मंत्रालय बयान देता है, ‘दोषियों पर कार्रवाई होगी’, ‘मुआवजा दिया जाएगा’, ‘जांच समिति गठित की गई है’, और फिर कुछ ही दिनों में सब भुला दिया जाता है। सवाल है कि क्या रेलवे अब केवल ‘प्रतिक्रिया देने वाला तंत्र’ बन गया है, जहां कार्रवाई केवल तभी होती है, जब हादसा हो चुका होता है? भारत में रेल हादसों का इतिहास उतना ही पुराना है, जितनी रेल सेवा स्वयं। भारत में हर साल बहुत बड़ी संख्या में होने वाले रेल हादसों में से करीब 70 प्रतिशत हादसे मानव त्रुटि के कारण होते हैं यानी कि या तो सिग्नलिंग सिस्टम में गलती या ट्रैक निरीक्षण में लापरवाही या फिर ट्रेन संचालन में मानवीय भूल। शेष हादसे तकनीकी खराबी, पुरानी पटरियों, रखरखाव की कमी और ओवरलोडिंग के कारण होते हैं।

इन तथ्यों से यह साफ हो जाता है कि भारत की रेल प्रणाली में सुरक्षा संस्कृति का अभाव है। यहां तकनीक पर निवेश से अधिक जोर घोषणाओं पर है। बीते वर्षों से ‘कवच’ सिस्टम को लेकर खूब प्रचार किया गया, कहा गया कि यह एक ऐसा स्वदेशी एंटी-कोलिजन सिस्टम है, जो दो ट्रेनों को टकराने से बचाएगा लेकिन आज की हकीकत यह है कि देश के केवल 4 प्रतिशत रेल नेटवर्क पर ही कवच लागू हुआ है, बाकी 96 प्रतिशत ट्रैक आज भी मानव सतर्कता पर निर्भर हैं और यही सबसे बड़ा खतरा है। रेल प्रशासन का रवैया भी उतना ही असंवेदनशील है।

हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा कर दी जाती है लेकिन यह मुआवजा न किसी बच्चे को उसका पिता लौटा सकता है, न किसी पत्नी को उसका पति, न किसी मां को उसका बेटा। जरूरत मुआवजे की नहीं, जवाबदेही की है।

यह दुर्भाग्य है कि जिस भारतीय रेलवे को ‘विश्व की चौथी सबसे बड़ी रेल व्यवस्था’ कहा जाता है, वहां अब भी अधिकांश ट्रैक ब्रिटिश कालीन तकनीक पर चल रहे हैं। ट्रेन ड्राइवरों को 8 से 12 घंटे तक बिना विश्राम रेल चलाने की मजबूरी, सिग्नलिंग उपकरणों की खराबी और निरीक्षण प्रणाली की औपचारिकता, ये सब मिलकर दुर्घटना की जमीन तैयार करते हैं।

ऐसी किसी भी घटनां के बाद हर बार राजनीतिक बयानबाजी शुरू होती है, रेल मंत्री हादसे की उच्चस्तरीय जांच का ऐलान करते हैं और कुछ हफ्तों बाद कोई नई परियोजना या वंदे भारत उद्घाटन के बीच वह घटना जनता की स्मृति से मिट जाती है लेकिन जो परिवार अपनों को खो चुके होते हैं, उनके लिए वह हादसा जीवनभर की सजा बन जाता है।


भारत में आज रेलवे की सबसे बड़ी आवश्यकता है सुरक्षा का वास्तविक आधुनिकीकरण। केवल कवच सिस्टम ही नहीं बल्कि ट्रैक मॉनिटरिंग के लिए ड्रोन सर्वे, स्वचालित सिग्नलिंग, लोको पायलट के थकान-निगरानी उपकरण और रीयल-टाइम संचार प्रणाली की अनिवार्यता। 2024 में रेलवे ने दावा किया था कि 2027 तक 50,000 किलोमीटर नेटवर्क कवच से लैस होगा लेकिन आज की प्रगति देखकर यह लक्ष्य किसी दिवास्वप्न जैसा लगता है। नवंबर 2024 तक कवच सिस्टम लगभग 1,548 किलोमीटर ट्रैक पर लागू हो चुका था और उसके बाद से धीमी गति से इसका विस्तार जारी है। ऐसे में 2027 तक 50,000 किलोमीटर कवच से लैस करने का लक्ष्य प्राप्त करना अभी बहुत चुनौतीपूर्ण दिख रहा है और लक्ष्य से काफी पीछे है। विस्तृत कवच नेटवर्क के लिए काफी संसाधन और समय की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि जब देश अंतरिक्ष में चंद्रयान उतार सकता है तो पटरियों पर सुरक्षित यात्रा क्यों नहीं सुनिश्चित कर सकता? यह केवल तकनीक का नहीं, प्राथमिकता का प्रश्न है। जब तक सुरक्षा को मुनाफे से ऊपर नहीं रखा जाएगा, जब तक रेल बजट में सुरक्षा खंड को लागत नहीं बल्कि निवेश नहीं माना जाएगा, तब तक यह रक्तरंजित यात्रा जारी रहेगी।

बहरहाल, अब समय आ गया है, जब रेल हादसों को मात्र दुर्घटनाएं कहकर टाला नहीं जा सकता क्योंकि ये घटनाएं अब प्रशासनिक अपराधों का रूप ले चुकी हैं। हर साल निर्दोष नागरिकों की जानें जाती हैं और जिम्मेदारी जांच रिपोर्टों की धूल में दबी रह जाती है। देश को अब उस मानसिकता से बाहर निकलना होगा, जहां ‘हादसे के बाद कार्रवाई’ ही नीति बन चुकी है। आवश्यकता है ऐसी व्यवस्था की, जो दुर्घटनाओं से पहले सतर्कता और रोकथाम सुनिश्चित करे। यात्रियों की सुरक्षा कोई दया नहीं, उनका संवैधानिक अधिकार है, जो केवल कागज पर नहीं, पटरियों पर भी सुरक्षित होना चाहिए।

जब तक हर ट्रेन यात्रा भय से नहीं, विश्वास से शुरू और समाप्त नहीं होती, तब तक भारतीय रेल प्रगति की नहीं, असंवेदनशीलता की प्रतीक बनी रहेगी। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर गंतव्य तक पहुंचने वाली ट्रेन हर यात्री को सुरक्षित जीवन की गारंटी दे सके।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3704




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

15 → 1 2 3 4 5
24 ↓ 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3703 का हल



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा, ‘मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.’ क्षण भर रुककर वह बोला, ‘और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.’

‘लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?’ लड़की ने चकित स्वर में कहा, ‘मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.’

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली, ‘घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...’

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, ‘भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...’

तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली, ‘सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?’

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा, ‘इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...’

‘ओह!’ पत्नी बोली, ‘तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है!’

## फिल्म वर्ग पहेली - 3704



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की ‘दिल लगाने की’ गीत वाली फिल्म-२,२
३. ‘आते आते तेरी’ गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-२,१,२
६. दिलीपकुमार, निम्मी की ‘आग लगी तन मन में’ गीत वाली फिल्म-२
७. ‘धक धक करने लगा’ गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-२
९. ‘कमसिन कली हूँ’ गीतवाली फिल्म-२
१०. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, शबाना की ‘दिन महीने साल’ गीत वाली फिल्म-४
१३. ‘उगंली में अंगूठी’ गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
१४. गोविंदा, रवीना की ‘तेरे प्यार ने ये क्या’ गीत वाली फिल्म-३
१७. ‘दोस्तों तुम सबको’ गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-२
१८. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म ‘मिलन’ की नायिका कौन थी-३
२०. ‘सनी’ में अमृता सिंह का नायक-२
२२. अशोक, मधुबाला की ‘मुश्किल है बहुत मुश्किल’ गीत वाली फिल्म-३
२३. ‘तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना’ गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-३
२४. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की ‘बप्पा मोरिया’ गीत वाली फिल्म-४
२६. ‘ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल’ गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-२
२९. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की ‘तुम अगर सामने’ गीत वाली फिल्म-२
३१. ‘गोरी के हाथ में’ गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-२
३२. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की ‘तेरी उम्मीद तेरा’ गीत वाली फिल्म-३
३३. ‘मेरा कँगना झाँझर चूड़ी’ गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, रेखा की ‘मैं ने कह दी तूने सुन ली’ गीत वाली फिल्म-२,३
२. ‘दिलबर दिलबर’ गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
३. ‘सच कहते हैं हम’ गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-४
४. ‘तेरा जादू चल गया’ में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-२
५. ‘सुन सजना तेरे’ गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-५
८. सलमान खान, रेवती की ‘साथिया तूने क्या किया’ गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म ‘कालीचरण’ में ‘लॉयन’ के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-३
१२. ‘इस टूट दिल की पीर’ गीतवाली फिल्म-२
१५. जैकी श्रॉफ, रति की ‘जितना कभी किसी ने’ गीत वाली फिल्म-२
१६. फिल्म ‘प्यार दिवाना होता है’ में गोविंदा के साथ नायिका -२
१७. मिथुन, संगीता बिजलानी की ‘नाले नाले मैं चली’ गीत वाली फिल्म-४
१९. ‘ओ गुड़िया ओ बहना’ गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२०. फिल्म ‘निकाह’ की नायिका कौन थी-३
२१. १९४२ ए लव स्टोरी’ के गीत ‘क्यों नये लग रहे हैं’ की गायिका कौन?-३
२५. फिल्म ‘अमर प्रेम’ में नायिका कौन थी-३
२७. ‘छू कर मेरे मन को’ गीत वाली फिल्म-३
२८. धर्मेन्द्र, सायरा ‘आज की रात नया चाँद’ गीत वाली फिल्म-२
३०. संजय खान, डैनी, जीनत की ‘उलझन सुलझे ना’ गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3703



## सूडोकु -3704

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3703 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## शब्द पहेली - 3704



**बाएँ से दाएँ**

1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

शब्द पहेली -3703 का हल



# अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी ग्रेटर नोएडा लिंक रोड

## 99.74 करोड़ का आएगा खर्च, 30 से ज्यादा सेक्टर और गांव को फायदा

**नोएडा।** नोएडा को ग्रेटरनोएडा के जरिए जोड़ने वाली लिंक रोड अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगी। ये अंडरपास सेक्टर-146 और 147 के बीच बनाया जाएगा। अंडरपास 45 मीटर रोड से होते हुए एक्सप्रेस वे के नीचे दूसरी तरफ जाएगा। इसकी लंबाई करीब 800 मीटर होगी। इसके जरिए ग्रेटरनोएडा और नोएडा के लोग लिंक रोड तक आ जा सकेंगे। निर्माण के लिए कंपनी का चयन किया जा रहा है।

नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड 2 किमी से अधिक लंबी है। ये एक्वा लाइन मेट्रो के नीचे सेक्टर 146-147 में 45 मीटर चौड़ी सड़क से शुरू होते हुए हिंडन नदी पर पुल से होते हुए नॉलेज पार्क 3 एलजी चौक तक जाती है। नोएडा की तरफ से एप्रोच रोड का काम पूरा होने वाला है। हिंडन नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है। समस्या एप्रोच रोड ग्रेटरनोएडा की ओर है। विवाद निपटारा करने के साथ जल्द वहां निर्माण होगा।

### पहले लिंक रोड का जाने स्टेटस

नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड पर हिंडन नदी पर 290 मीटर लंबे पुल के निर्माण का कार्य 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाई जा रही एप्रोच रोड का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मामला ग्रेटरनोएडा की एप्रोच रोड का है। इसका अभी 10 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। नोएडा प्राधिकरण की साइड से देखे तो जनवरी 2019 में यूपी



के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस रोड का शिलान्यास किया था। इस योजना को डेढ़ साल में पूरा किया जाना था।

एक्सप्रेस-वे पर 16.900 किमी चैनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसे निर्माण में करीब 99.74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे नवविकसित किए जा रहे औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा। ये लिंक रोड से जुडेगा। ऐसे में नोएडा और ग्रेटरनोएडा के बीच आने जाने वाले इसका प्रयोग कर सकेंगे।

### अंडरपास डायाफाम तकनीक से बनेगा

एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का निर्माण डायाफ्राम वॉल कास्ट से किया जाएगा। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

### लिंक रोड से मिलेंगे यह लाभ

दिल्ली और नोएडा से एक्सप्रेसवे होते हुए परिचौक, एलजी चौक, कलेक्ट्रेट, सूरजपुर, सेक्टर गामा एक, गामा दो, बीटा एक, बीटा दो, उद्योग विहार, उद्योग विहार एक्सटेंशन, गाजियाबाद को जाने वाले लोगों को 16 किमी अतिरिक्त चलना पड़ता था। इसके बनने दूरी कम होगी। लिंक रोड बनने से नोएडा के सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 159, 160, 162 स्थित आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों का ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा, बीटा, सूरजपुर, साइट बी व सी औद्योगिक क्षेत्र, डेल्टा, पुलिस लाइन, ईकोटेक दो व तीन आदि को लाभ होगा।

# नोएडा : महिला के कटे सिर को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन

## नोएडा में 10 टीमें गठित, 500 सीसीटीवी फुटेज देखी, नहीं मिला सुराग

**नोएडा।** सेक्टर-82 कट के पास गुरुवार को नाले में मिली महिला की सिर कटी लाश मामले में पुलिस जांच कर रही है। सिर की तलाश में पुलिस ने घटनास्थल के तीन किलोमीटर के रेडियस में सर्च अभियान चलाया पर सफलता नहीं मिली। लाश मिलने वाले दिन के तीन दिन पहले तक घटनास्थल की तरफ से गुजरे 550 चार पहिया वाहनों को पुलिस ने संदिग्ध मानकर चिह्नित किया है। वहीं पुलिस ने 500 से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज देखी।

एडिशनल डीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि महिला के सिर की तलाश में पुलिस ने अभियान चलाया। जंगलों, नालों, झाड़ियों और पार्कों समेत अन्य जगहों पर महिला के सिर को तलाशा गया। जहां शव मिला है, वहां के आसपास लगे पांच सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

अब महिला की पहचान और



हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए दस टीमें गठित कर दी गई हैं। सभी टीमों में शामिल पुलिसकर्मियों को अलग-अलग भूमिका दी गई है।

### दिल्ली हरियाणा पुलिस से किया संपर्क

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सेक्टर-82 कट के पास एक महिला का शव बिना सिर के नाले में मिला था। महिला के शरीर पर कपड़े नहीं थे। हथेली भी गायब थी। महिला के शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट के निशान भी थे। प्राथमिक जांच में ऐसा लगा कि महिला की हत्या कर शव को नाले में पहचान छिपाने के लिए फेंका गया था। महिला के शव की पहचान के लिए पुलिस ने यूपी के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली और हरियाणा पुलिस से भी संपर्क किया है।

### पहचान छिपाने के लिए काटी हथेली

एक सप्ताह में 30 से 40 साल की महिला की दर्ज हुई गुमशुदगी की सूची मांगी गई है। गाजियाबाद पुलिस से भी संपर्क किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कहीं अलग की गई। पहचान छिपाने के लिए सिर काटकर उसके शव को नोएडा में फेंका गया।

हाथों की हथेली कटने के पीछे तर्क यह भी दिया जा रहा है कि हो सकता है कि महिला के हाथ में कोई टैटू हो जो पहचान में सहायक बन जाता। इससे बचने के लिए योजनाबद्ध तरीके से हथेली भी काटी गई।

## ग्रेटर नोएडा से 16 वर्षीय किशोरी लापता

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर माजरा गांव से एक 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने शनिवार शाम को दनकौर थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी है। किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर उनकी नाबालिग बेटी अचानक घर से बिना बताए चली गई थी। इसके बाद परिवारजनों ने आस-पड़ोस और रिश्तेदारों के यहां उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने पुलिस से किसी अनहोनी की आशंका जताई है और बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दनकौर कोतवाली प्रभारी ने जानकारी दी कि किशोरी की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है। पुलिस आस-पास के इलाकों और संदिग्ध ठिकानों पर गहन छानबीन कर रही है। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि जल्द ही लापता किशोरी का पता लगाकर उसे परिवार को सौंप दिया जाएगा।

# घर में घुसकर हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

▸ लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो वायरल, जमीन विवाद बताया जा रहा कारण

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना पुलिस ने घर में घुसकर दो भाइयों पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गुरुवार को गाड़ियों में सवार होकर लाठी-डंडों से लैस होकर पीड़ितों के घर में घुसकर मारपीट की थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान श्यामवीर, अमित, प्रदीप उर्फ पप्पन और भूरा के रूप में हुई है। इन्हें लखनावली तिराहे के पास से पकड़ा गया। लखनावली निवासी देव नागर ने गुरुवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

देव नागर ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह और उसका भाई घर पर बैठे थे, तभी श्यामवीर कई अन्य लोगों के साथ आया और उन पर हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे थे। देव ने यह भी आरोप लगाया कि उस पर पिस्तौल की बट से भी हमला किया गया।

मारपीट के दौरान किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि दोनों भाइयों को जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटा जा रहा है।

देव की तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में 6 नामजद सहित कुल 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

सूरजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि श्यामवीर और उसके परिवार के सदस्यों ने देव के घर में घुसकर मारपीट की थी।

उन्होंने यह भी कहा कि बाकी फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विवाद किसी जमीन के कब्जे को लेकर लंबे समय से चल रहा था।

# ग्रेटर नोएडा : कंपनी में मशीन से कुचलकर मजदूर की मौत

जेवर। ग्रेटर नोएडा के यमुना प्राधिकरण के इंडस्ट्रियल सेक्टर 29 स्थित सूर्या ग्लोबल फ्लेक्सी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शनिवार शाम एक मजदूर की मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान अलीगढ़ जिले की गोवर्धन कॉलोनी निवासी 50 वर्षीय रूपकिशोर के रूप में हुई है। रबपुरा कोतवाली पुलिस के अनुसार, रूपकिशोर कंपनी में लगी मशीनों की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान वह एक ऑटोमैटिक मशीन की चपेट में आ गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

हादसे के बाद रूपकिशोर को तुरंत ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि देर शाम तक इस घटना के संबंध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# किसानों की फसल खराब करने पर 3 पर एफआईआर

## ग्रेटर नोएडा में बिल्डर के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव रौनिजा के पास किसानों की फसल नष्ट कर उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीड़ितों की शिकायत पर की गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद आरोपियों सहित अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इससे पहले, शुक्रवार को सैकड़ों किसानों ने बिल्डर की कथित दबंगई




के विरोध में जमकर हंगामा किया और एक महापंचायत का आयोजन किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने यमुना प्राधिकरण और पुलिस पर बिल्डर के साथ मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए थे।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने जमीन की पैमाइश कराकर किसानों को उनकी जमीनों पर कब्जा दिलाने की बात कही, जिसके बाद ही गुस्साए ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों में पनप रहे रोष को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को यह केस दर्ज किया।

पुलिस के अनुसार, रौनिजा गांव निवासी श्रीचंद और जगदीश सहित अन्य किसानों ने अपनी तहरीर में बताया है कि उनकी सदर तहसील के गांव नीलौनी शाहपुर में लगभग 10 बीघा जमीन है। इस जमीन को लेकर किसानों का यमुना प्राधिकरण से अदालत में विवाद चल रहा है। इसी विवाद के कारण किसानों ने अभी तक जमीन का मुआवजा भी नहीं लिया है।

किसानों का आरोप है कि इसके बावजूद यमुना प्राधिकरण ने यह जमीन एक निजी बिल्डर को आवंटित कर दी। आरोप है कि बिल्डर मुकेश खुराना, अजय चौधरी और संजू के कहने पर कुछ हथियारबंद लोगों ने उनकी करीब 10 बीघा खड़ी फसल उजाड़ दी और खेतों पर जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि खेतों पर मौजूद किसानों और महिलाओं के साथ गाली-गलौज की गई, बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया गया।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा सड़क हादसे में युवती की मौत

### मां के साथ फैक्ट्री जा रही थी, पीछे से बस ने मारी टक्कर

**नोएडा।** नोएडा में सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई। युवती अपनी मां के साथ इकोटेक थर्ड स्थित कंपनी में काम करने जा रही थी। इस दौरान पीछे से एक बस ने युवती को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में लोगों ने युवती को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है। साथ ही बस को कब्जे में लिया है। मामले में परिजनों की ओर से शिकायत दी जा रही है। युवती की पहचान सुजाता उम्र करीब 19 साल बताई जा रही है। पिता श्रीपाल के साथ सरस्वती एनक्लेव में रहती थी। रोज की तरह शनिवार को भी अपनी मां के साथ फैक्ट्री में काम करने जा रही थी। इस दौरान क्रासा चौराहा पर पीछे से आ रही बस नंबर यूपी 17 टी 7666 ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि मां को टक्कर नहीं लगी। टक्कर लगते ही सुजाता दूर जा गिरी। उसके सिर, हाथ और पैर में चोट लगी। अचेत अवस्था में उसे नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## किसान एकता संघ ने की बैठक

**जेवर।** किसान एकता संघ ने आगामी किसान-मजदूर अधिकार पैदल यात्रा की तैयारियों को लेकर शनिवार को डेरीन खूबन और अटटा फतेहपुर गांवों में जागरूकता बैठकें आयोजित कीं। यह यात्रा 22 नवंबर से जेवर से सूरजपुर कलेक्ट्रेट तक प्रस्तावित है। बैठकों के दौरान, संघ के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को पैदल यात्रा के उद्देश्यों और किसानों-मजदूरों के अधिकारों से संबंधित समस्याओं के समाधान में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। गांव के युवाओं और किसानों ने संगठन को पूर्ण सहयोग देने तथा यात्रा में भारी संख्या में भाग लेने का आश्वासन दिया। उपस्थित किसानों ने कहा कि यह यात्रा किसानों की आवाज को बुलंद करेगी और क्षेत्र की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर चौधरी सोरन प्रधान, देशराज नागर, श्रीकृष्ण बैसला, संजय प्रधान, आसिफ प्रधान, भूपेंद्र नागर, प्रमोद शर्मा, विक्रम नागर, पप्पे नागर, उम्मेद एडवोकेट, सुरेंद्र चपरगढ़, सचिन नागर और अखिलेश प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में खेत से लौट रहे युवक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के तिरथली गांव में खेत से घर लौट रहे एक युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, तिरथली गांव निवासी चंद्रपाल शनिवार शाम अपनी बाइक से खेतों से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही साजिद, सोनू, समीर और आसिम ने उन्हें बेवजह गाली देना शुरू कर दिया। जब चंद्रपाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में चंद्रपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चंद्रपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों साजिद, सोनू, समीर और आसिम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हत्या के पांच फरार आरोपी गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों पर फायरिंग और मारपीट की घटना में शामिल होने का आरोप है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने उनके कब्जे से दो कारें, एक मोटरसाइकिल और पांच लकड़ी के डंडे बरामद किए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंकज बाल्मीकी, संजय सोलंकी, नीतिश भाटी उर्फ जादू, अभिषेक भाटी और रितिक भाटी के रूप में हुई है। यह घटना 3 नवंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे तिगरी गोलचक्कर स्थित ग्रीनफील्ड स्कूल के पास हुई थी। जसवीर यादव के भाई गौरव और उनके दोस्त लव कुमार उर्फ लव गुरु पर हमला किया गया था। आरोप है कि सचिन गुर्जर और नितिश गुर्जर अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे और लव कुमार को घसीटकर पीटना शुरू कर दिया। जब गौरव यादव बचाव में आए, तो सचिन ने उन पर पिस्टल से फायर कर दिया, जिससे उनके पैर में गोली लग गई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## निम्स अस्पताल में बुजुर्ग मरीज की संदिग्ध मौत

**जेवर।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास स्थित निम्स (नोएडा इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) अस्पताल में एक बुजुर्ग मरीज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। अस्पताल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद गुरुवार को बुजुर्ग का शव परिसर में मिला था। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को मामला दर्ज कराया है। जेवर कस्बे के भटपुरा मोहल्ला निवासी शकील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके 85 वर्षीय पिता शहीद को 31 अक्टूबर को एक स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से निम्स अस्पताल में लूज मोशन की समस्या के चलते भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह वे अचानक लापता हो गए थे। काफी खोजबीन और कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार दोपहर अस्पताल कर्मियों ने परिजनों को जानकारी दी कि शहीद का शव अस्पताल परिसर में मिला है।

# नोएडा में 50 लाख के गाड़ी पार्टस के साथ 4 चोर गिरफ्तार

## 10 कारों के पार्ट को काटकर किया था अलग, पुराने मुकदमा की पैरवी में खर्च करते थे पैसे

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर-113 पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 कारों के कटे हुए पार्टस बरामद किए गए। इनकी कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए है।

इनके पास से दो कार एक सेंट्रो और दूसरी बैगनार के अलावा कार चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए है।

इनके नाम मोनू, जगन यादव, इमरान और सोहन बीर है। पुलिस ने इन चारों को सुपरटेक रोमानो तिराहा कट सेक्टर-118 से पकड़ा। इस गैंग का सरगना मोनू है। जिस पर 18 से ज्यादा मुकदमे है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये चारों रात में कार से निकलते है। इसके बाद रास्ते में पड़ने वाली पार्किंग, मेन रोड, होटल के बाहर खड़ी कार की रेकी करते है। इसके बाद एक सदस्य कार की खिड़की का लॉक तोड़कर उसे



### पैरवी में खर्च करते पैसा

इस तरह से वाहन चोरी कर पार्टस बेचकर मिले पैसों का प्रयोग पैरवी में करते थे। इसके अलावा इन्ही पैसों से ये अपना खर्चा चलते थे। इससे पहले भी इनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया मोनू 30 साल और 12वीं पास है। जगन 40 साल का 8वीं पास, इमरान 40 साल 6वीं पास और सोहनबीर 32 साल का आठवीं पास है।

अपने साथ अपने ले जाता है। कार के पार्टस काटकर अलग कर लेते है। जिसे कबाडियों को सस्ते दाम पर बेच देते है। घटना के समय ये लोग मोबाइल पर बातचीत नहीं करते थ। जिससे इन लोगों को ट्रैक नहीं किया जा सके।

# निवेश के नाम पर 29 लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर सेवानिवृत्त इंजीनियर के साथ 29 लाख रुपए की ठगी कर ली। करीब दस बार में पीड़ित से ठगों ने विभिन्न खातों में रकम ट्रांसफर कराई। शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-11 के पी ब्लॉक में रहने वाले सुनील कुमार गुप्ता इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। इसी माह 18 सितंबर को कथित मीना जोशी और आरव गुप्ता ने खुद को स्टॉक ब्रोकर बताकर सुनील से संपर्क किया।

दोनों ने खुद को एक क्रेडिट सिक्योरिटीज का कर्मचारी बताया। वॉट्सऐप पर बातचीत करने के बाद मीना और आरव ने पीड़ित से कहा कि अगर उसके बताए अनुसार निवेश किया जाए तो कम समय में ही दो से तीन गुना तक मुनाफा हो सकता है।

### वाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा

कई दिन तक बातचीत करने के बाद जब इंजीनियर ने निवेश करने का विचार किया तो कथित स्टॉक ब्रोकर ने उन्हें एक वाट्सऐप गुप पर जोड़ लिया। इंजीनियर को वाट्सऐप ग्रुप पर ही शेयर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण मिलने लगा। ठगों ने उन्हें एक ऐप भी डाउनलोड करवा दिया। जिसपर निवेश की रकम बढ़ती हुई दिख रही थी। इसके बाद पीड़ित ने मुनाफे के चक्कर में निवेश करना शुरू किया। शुरुआती चरण में निवेश करने पर इंजीनियर को मुनाफा हुआ। उनको मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी दी गई।

इसके बाद इंजीनियर को यकीन हो गया कि उनका धन सही जगह पर निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने मुनाफे के चक्कर में 10 से अधिक बार में 29 लाख 19 हजार रुपए ठगों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। अचानक पीड़ित को रुपए की आवश्यकता पड़ गई। ऐसे में उन्होंने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया। बताया गया कि विभिन्न करों का भुगतान करने के बाद ही रकम निकल सकेगी। बार-बार रुपए वापस करने के लिए कहने पर ठगों ने इंजीनियर को ग्रुप से ही बाहर कर दिया।

जिन दोनों आरोपियों ने पीड़ित को ग्रुप पर जोड़ा था, उनका नंबर भी बंद आने लगा। पीड़ित ने बताया कि उसे जिस ग्रुप में जोड़ा गया था, उसमें कई सदस्य पहले से ही जुड़े थे।

# अवैध संबंध के शक में युवक का हत्यारोपी गिरफ्तार

## पड़ोसी को मारा था चाकू, अस्पताल में हुई मौत, आरोपी की पत्नी से करता था बात

**नोएडा।** नोएडा में पत्नी से अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने ही पड़ोसी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आठ घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त छुरा और खून से सना जैकेट बरामद किया गया है।

### पत्नी से बात करता था गोलू, कई बार हो चुका था झगड़ा

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान सोनू के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी के साथ याकूबपुर गली नंबर-37 में रहता है। उसी गली में मृतक गोलू भी रहता था, जो ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। बताया जा रहा है कि गोलू अक्सर सोनू की पत्नी से बातचीत करता था।

इस बात से नाराज होकर सोनू कई बार उसे मना कर चुका था, लेकिन गोलू नहीं माना। इसी को लेकर सोनू और उसकी पत्नी के बीच भी अक्सर विवाद होता रहता था।



### विवाद के बाद चाकू से किया वार, अस्पताल में तोड़ा दम

शुक्रवार को भी गोलू सोनू की पत्नी से बात कर रहा था। इसी दौरान सोनू वहां पहुंचा और उसने विरोध किया। दोनों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि सोनू ने गुस्से में कमरे से छुरा उठाया और गोलू के पेट में वार कर दिया।

घायल गोलू जमीन पर गिर पड़ा, जबकि सोनू मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही लोग मौके पर पहुंचे और गोलू को अस्पताल ले गए।

वहां इलाज के दौरान गोलू की मौत हो गई। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस से की।


### आठ घंटे में गिरफ्तारी, जेल भेजा गया आरोपी

पुलिस ने आरोपी की तलाश में कई जगह दबिश दी और करीब आठ घंटे में मदर सन कंपनी की पिछली दीवार के पास से सोनू को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से खून से सना जैकेट और छुरा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि हत्या में प्रयुक्त हथियार फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# दूसरे का गेट खटखटाने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

## आगरा में चोर समझ कर दोनों हाथ बांधे, मारने के बाद घर के बाहर फेंक दिया

**आगरा।** आगरा में दूसरे का गेट खटखटाने पर युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। ऑटो चलाने वाला युवक 6 नवंबर की रात करीब 10 बजे लौटा था। वह अपने मालिक का मकान भूल गया। उसने गलती से उनके पड़ोसी का दरवाजा खटखटा दिया। घर से निकले मकान मालिक ने उसे चोर समझा। आरोपी ने पड़ोसी के साथ मिलकर युवक के दोनों हाथ बांध दिए। उसे जमकर पीटा। बेसुध होने पर 3 बजे युवक के घर के बाहर छोड़ गए। शुक्रवार रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिवार की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज किया है। घटना थाना सिकंदरा क्षेत्र के गैलाना की है।




### अब पूरा मामला विस्तार से...

गैलाना के वनखंडी में किराए पर रहने वाला रामू ऑटो चलाता था। रामू पत्नी और चार बच्चों के साथ रहता था। परिजनों ने बताया- गुरुवार रात को करीब 10 बजे रामू ऑटो चलाकर लौटा। वह पास में रहने वाले ऑटो मालिक अंसार को किराया देने की बात कहकर निकला था।

लेकिन वह अंसार का घर भूल गया। रात में उसने गलती से पड़ोस में रहने वाले सतीश के घर का दरवाजा खटखटा दिया। इस पर उन लोगों ने रामू को चोर समझकर पकड़ लिया। इसके बाद सतीश ने उसके हाथ बांध कर उसे बुरी तरह मारा।

### 3 बजे घर के बाहर लाकर फेंका

रामू की हालत जब गंभीर हो गई। तो सुबह 3 बजे आरोपी युवक को उसके घर के सामने फेंक कर चले गए। परिजनों को जैसे ही जानकारी हुई। वे तुरंत घायल अवस्था में रामू को असोपा हॉस्पिटल लेकर गए। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

शनिवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद रामू का शव घर लाया जाना था। इससे पहले मोहल्ले की महिलाएं असोपा हॉस्पिटल के पास सड़क किनारे बैठ गईं। लोगों के इकट्ठा होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### परिजन बोले- पुलिस ने धमकाया

मृतक के परिवार की महिलाओं का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए धमकाया। उनसे कहा कि अगर सड़क जाम की तो सभी पर मुकदमा लिख देंगे। फिर सब भागते फिरोगे। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर सतीश और उसके पड़ोसी राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

थाना प्रभारी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया- परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आज वे लोग मुकदमे कुछ और लोगों के नाम बढ़ाने की बात कह रहे थे। उनसे नाम लिए गए हैं। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## मिर्जापुर में धर्म परिवर्तन के आरोप में महिला गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर के राजगढ़ थाना क्षेत्र में प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत की गई है। राजगढ़ निवासी ध्रुवचंद्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद ने 7 नवंबर को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक महिला धन का लालच देकर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी (ऑपरेशन) अशोक कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी राजगढ़ को आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को राजगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चंदनपुर, राजगढ़ निवासी प्रमीला पत्नी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और आगे की कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को अधिकारों के बारे में किया जागरूक

### पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें। अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें। प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी app download न करें। महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## शार्ट न्यूज

### डीएम एसपी ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**ललितपुर।** शनिवार को सदर कोतवाली में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने सदर कोतवाली पहुंचकर समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने थाना परिसर में लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों से कहा कि किसी भी लंबित प्रकरण को लापरवाही के चलते लंबा न खींचा जाए। डीएम ने साफ तौर पर निर्देश दिए कि पेंडिंग शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। डीएम ने कहा कि यदि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की ढिलाई बरती जाती है तो संबंधित पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश गिरफ्तार



**ललितपुर।** बानपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 25, हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफतार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा थाना बानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 192/2025 धारा 318(4), 338, 336(3),340(2),61(2),316,317 बीएनएस में 25,000 रुपये के इनामिया एक वांछित अभियुक्त गोकुल पुत्र स्व0 छुन्द्रा अहिरवार निवासी ग्राम धनवाहा थाना कोतवाली टीकमगढ जनपद टीकमगढ म.प्र. उम्र करीब 46 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी उ. नि. दिगविजय सिंह उ.नि. ललित उज्जवल का. मनीष कुमार का. कनिष्क बघेल आदि शामिल रहे।

### स्कूल बस से टकराकर शिक्षक की मौत

**अयोध्या।** ग्रामसभा मड़ना में एक स्कूल बस की टक्कर से एक शिक्षक की मौत हो गई। यह हादसा स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटते समय हुआ। मृतक की पहचान राज बहादुर स्मारक इंटर कॉलेज, मड़ना के शिक्षक गिरीश पांडे के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शिक्षक गिरीश पांडे अपने घर ग्राम रामपुर बैहारी जा रहे थे। थोड़ी दूर जाने के बाद ताहीरपुर बरौली की ओर से आ रही आरबी पब्लिक स्कूल, राजेपुर, पूरा बाजार की बस से उनकी टक्कर हो गई। यह हादसा बस के अचानक मोड़ लेने के कारण हुआ। मृतक शिक्षक गिरीश पांडे पुत्र राम प्रसाद पांडे, रामपुर बैहारी माया बाजार थाना महाराजगंज के निवासी थे। वह राज बहादुर स्मारक इंटर कॉलेज, मड़ना में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। टक्कर के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल शिक्षक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा बाजार पहुंचाया। हालांकि, वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी पूरा बाजार मौके पर पहुंचे। उन्होंने पंचनामा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गोंडा में मासूम की तालाब में डूबकर मौत

**गोंडा।** गोंडा के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में पाल्हापुर ग्राम पंचायत के अहिरन पुरवा गांव में देर शाम 6 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बच्चाराम यादव के 3 वर्षीय पुत्र लवकुश की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के समय परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। यह घटना शाम करीब 6 बजे हुई। लवकुश घर के पास खेल रहा था और खेलते-खेलते पास के तालाब में चला गया। तालाब में पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। पड़ोसियों ने जब शोर सुना तो बच्चाराम यादव और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। परिजनों ने तत्काल लवकुश को तालाब से बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर करनैलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक लवकुश यादव के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बहन के प्रेमी ने युवक को गोली मारी

अमरोहा। अमरोहा के डिडौली कोतवाली क्षेत्र में एक युवक को उसकी बहन के प्रेमी ने गोली मार दी। युवक ने प्रेमी से अपनी बहन से निकाह करने या रिश्ता खत्म करने को कहा था। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। यह घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया में हुई। गांव सैतली निवासी मुनव्वर के परिवार में उनकी पत्नी चंद्रप्रभा, बेटा अरमान सोनू और एक बेटी है। करीब दो साल पहले बेटी जयपुर में नीट की तैयारी के दौरान जोया के मोहल्ला टंकी वाला निवासी ताविश रजा से मिली थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। फिलहाल युवती अपने घर पर रहती है, जबकि ताविश रजा अभी भी नीट की तैयारी कर रहा है।

### झांसी में कार ने किसान को रौंदा, मौत

**झांसी।** झांसी में एक्सीडेंट में एक किसान की मौत हो गई, जबकि साथी घायल है। दोनों बाइक से खाद लेने के लिए जा रहे थे। रास्ते में पीछे से तेज गति में आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी को अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसा बड़ागांव थाना क्षेत्र के पारीछा घनाराम पेट्रोल पंप के पास हुआ है। मृतक का नाम गुविंदी (47) पुत्र मुन्नालाल श्रीवास था। वह बरुआसागर के उजयान गांव का रहने वाला था। मृतक के भाई मनोहरलाल ने बताया- मेरे भाई गुविंदी और गांव के सूर्यांश यादव ने बटाई पर खेती ली थी। आज दोनों बाइक से खाद लेने के लिए पारीछा जा रहे थे। सूर्यांश बाइक चला रहा था, जबकि भाई पीछे बैठे थे। जब वे पारीछा के घनाराम पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में गुविंदी की मौत हो गई, जबकि सूर्यांश को चोट आई है।

### कानपुर के गणपति कॉम्प्लेक्स में भीषण आग

**कानपुर।** कानपुर के कल्याणपुर मार्केट स्थित गणपति कॉम्प्लेक्स में शनिवार को भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से लगी इस आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और बेसमेंट में बनी छह दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि तीन दुकानों में रखा करीब एक करोड़ रुपए का माल जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, दमकल की गाड़ियां लगभग 40 मिनट की देरी से पहुंचीं। टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक अधिकांश दुकानों का सामान जल चुका था। आवास विकास एक निवासी सरिता सिंह की कॉम्प्लेक्स में तीन कपड़ों की दुकानें हैं, जिनमें साड़ी, सूट, बच्चों के कपड़े और वूलेन वस्त्र बेचे जाते थे।

## पत्नी की मौत के सदमे में पति ने जान दी

**गोंडा।** गोंडा में पत्नी की तेरहवीं से 3 दिन पहले पति ने भी जान दे दी। पत्नी की मौत के बाद वह बच्चों की देखभाल को लेकर परेशान रहता था। शनिवार सुबह कमरे में फंदे से लटक गया। काफी देर तक वह बाहर नहीं आया तो परिजन उसे बुलाने गए। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं आया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़ा तो शव फंदे पर लटकता हुआ दिखा। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजनों और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। घटना धानेपुर थाना क्षेत्र के बनगाई गांव की है। बनगाई गांव के रहने वाले शिवम सिंह (36) की शादी 18 मई 2014 को दुल्हापुर नई पुरिया की रहने वाली वंदना सिंह (32) से हुई थी। वंदना सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुजेहना में आशा बहू थी। शिवम सिंह दिल्ली की एक फैक्ट्री में नौकरी करते थे। दोनों का एक 6 साल का बेटा वेदांश और 8 साल की बेटी विदांशी है। 30 अक्टूबर की रात में वंदना ने घर के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी थी। 31 अक्टूबर की सुबह जब वंदना घर से नहीं निकली तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर वंदना फंदे से लटकी हुई मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना की सूचना मिलते ही 2 घंटे के अंदर शिवम फ्लाइट से अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने अपनी पत्नी का अंतिम संस्कार किया।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई : एक दिन में 197 वाहनों के चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस के द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस में आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया जागरूकता अभियान। पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया ।अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना सीटबेल्ट/हेलमेट/ दो पहिया



वाहन पर तीन सवारी/मोडिफाइड साइलेंसर/प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चलाया गया सघन चैकिंग अभियान, जांच के दौरान 197 वाहनो का एम वी एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इसी क्रम में यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न चौराहों पर चलाये गये सघन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा बताया गया कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें और सुरक्षित रहें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके। दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां न बैठाकर न चलाये ।शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये। चार पहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट का प्रयोग करके वाहन चलाने की भी अपील की। सवारी व लोडिंग टैक्सी चालकों से नियंत्रित गति और सुगम रूप से यातायात व्यवस्था संचालन के लिए कहा गया। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें। वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें। सड़क पर सदैव अपनी वायीं दिशा में चलें।

## सहारनपुर में टेंपो पलटा...दो भाइयों की मौत

### बहन के घर भात भरने जा रहे थे दोनों भाई, 6 घायल, एक की हालत गंभीर

**सहारनपुर।** सहारनपुर के टपरी-नागल मार्ग के दर्दनाक सड़क गांव लाखनौर के पास बाइक और टेंपो की आमने-सामने टक्कर में टेंपो पलट गया। हादसे में हलालपुर निवासी दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव हलालपुर से परिवार के लोग टेंपो में सवार होकर देवबंद के फतेहपुर गांव में



बहन के घर भात भरने जा रहे थे। टेंपो में एक ही परिवार के करीब छह लोग सवार थे, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं।

जब वाहन टपरी-नागल मार्ग पर लाखनौर गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो सड़क किनारे पलट गया और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही राहगीरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने हलालपुर निवासी रमेश (52) और प्रेम सिंह (65) को मृत घोषित कर दिया। दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं।

घटना में पंकज, अशोक, मिंटू, निकिता, रजनीश और रेखा घायल हुए हैं। सभी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इनमें रेखा की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस अधिकारी भी अस्पताल पहुंच गए।

मृतक रमेश और प्रेम सिंह हलालपुर स्थित नल बनाने की फैक्ट्री में काम करते थे। परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## भदोही में थाना समाधान दिवस पर 63 शिकायतें मिली

### पुलिस विभाग से जुड़ी 7 शिकायतों का किया तत्काल निस्तारण

**भदोही ( संत रविदास नगर )।** भदोही के सभी थानों में 8 नवंबर 2025 को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गोपीगंज थाने में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान कुल 63 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 56 राजस्व विभाग से और 7 पुलिस विभाग से संबंधित थीं। पुलिस विभाग से जुड़ी सभी 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

डीएम शैलेश कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप, समाधान दिवस का उद्देश्य फरियादियों को त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान प्रदान करना है।

उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## लखनऊ में मृत महिला को जिंदा दिखाकर बेची जमीन

### दूसरी को खड़ा करके कराया एग्रीमेंट, बेटे को जानकारी होने पर खुला फर्जीवाड़ा

एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ में मृत महिला को जिंदा दिखाकर उसकी करोड़ों की जमीन बेचने का फर्जीवाड़ा सामने आया है।

जालसाजों ने न सिर्फ मृत महिला के नाम से एग्रीमेंट कराया, बल्कि बेचने के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए। मामला खुलने पर वजीरगंज पुलिस ने शनिवार सुबह दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का मास्टरमाइंड अभी फरार है।

थाना प्रभारी वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, ठाकुरगंज मोहिनी पुरवा निवासी गणेश प्रसाद यादव की मां छेदाना की मौत वर्ष 1996 में हो चुकी थी। उनकी फैजुल्लागंज में करीब 27 सौ वर्ग फुट जमीन थी। पुलिस ने बताया ठाकुरगंज मल्लाही टोला निवासी संतोष कुमार यादव और एजाज हुसैन ने फर्जी तरीके से जमीन के कागजात निकलवाए और मृत छेदाना के नाम से किसी अन्य महिला से एग्रीमेंट करा दिया।

### बेटे को जानकारी होने पर खुला मामला

इसके बाद दोनों ने जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपए वसूल लिए। इस दौरान मृतका के बेटे गणेश को फर्जीवाड़े की जानकारी हो गई। उसने जमीन खरीदने वाले व्यक्ति से संपर्क कर पूरा मामला खुलवाया। इसके बाद गणेश की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

### पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया

जांच में संतोष और एजाज के फर्जीवाड़ा करने की बात सामने आई। जिसके बाद दोनों को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जमीन की कीमत करीब दो करोड़ रुपए है। फिलहाल फरार मास्टर माइंड की तलाश जारी है।

## सीतापुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

**सीतापुर।** सीतापुर के तंबौर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। छतांगुर गांव निवासी 18 वर्षीय सुभाष (पुत्र मेवा लाल नांग) अपने निजी ट्रैक्टर पर सवार हो रहा था, तभी यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर पर सवार होते समय सुभाष का पैर फिसल गया और वह उसके पहिये की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल सुभाष को तत्काल तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। तंबौर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल सीतापुर रेफर कर दिया।

## घर की कुंडी बाहर से बंद, अंदर शव मिला

### पीलीभीत में पहले सुसाइड मानकर चल रही थी पुलिस

**पीलीभीत।** पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के अलियापुर गांव में एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना शुक्रवार की रात को हुई। हालांकि, घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद होने के कारण पुलिस इसे संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

मृतक की पहचान देवदत्त (18 वर्ष) पुत्र पीतमराम के रूप में हुई है। पिता पीतमराम ने बताया कि उनके सबसे छोटे बेटे देवदत्त ने 7 अक्टूबर की रात घर के कमरे में रस्सी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली।

पीतमराम के अनुसार, 8 अक्टूबर की सुबह करीब 5 बजे जब वह और उनकी पत्नी उठे, तो उन्होंने देखा कि उनके बेटे का शव कमरे में प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटक रहा था।

पीतमराम ने पुलिस को बताया कि उनके घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद थी, जो उन्हें संदिग्ध लग रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस संबंध में अभी तक किसी के खिलाफ कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

मृतक देवदत्त अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो बड़े भाई, लालाराम और रीतराम, मजदूरी के लिए देहरादून गए हुए हैं।

घटना के बाद माता-पिता की चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए।

सूचना मिलते ही बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## किसानों की फार्मर रजिस्ट्री 15 नवंबर तक अनिवार्य

### मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश, बिना रजिस्ट्रेशन नहीं मिलेगा लाभ

गाजीपुर। गाजीपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों के लिए फ़ार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी गई है। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) संतोष कुमार वैश्य ने सभी ग्राम प्रधानों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि जिन किसानों ने अब तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनवाई है, वे 15 नवंबर से पहले इसे पूरा करा लें।

सीडीओ ने ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के पात्र किसानों को सूचित करें। किसान अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र (सीएससी) पर आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ जाकर अपनी रजिस्ट्री पूर्ण करा सकते हैं। इस संबंध में सभी ग्राम प्रधानों को आवश्यक पत्र और शेष किसानों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। कोटेदारों को भी सूची के अनुसार किसानों को रजिस्ट्री बनवाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम स्तर पर कार्यरत लेखपाल, पंचायत सहायक और कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
रविवार 09 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला पर हमला करने से रोकने के लिए विधेयक पर मतदान

**काराकास, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण मतदान हुआ, जिसमें ऐसा विधेयक पेश किया गया, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करने की शक्ति को सीमित करेगा। डेमोक्रेटिक सांसदों ने कांग्रेस से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ चल रही अभियान में अधिक सशक्त भूमिका निभाए। शीर्ष रिपब्लिकनों सहित सांसदों ने मांग की है कि ट्रम्प प्रशासन उन्हें कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर में कथित नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले जहाजों के खिलाफ अमेरिकी सैन्य हमलों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करे। गुरुवार का यह मतदान वास्तव में ट्रंप प्रशासन की वेनेजुएला की जमीन पर संभावित सैन्य कार्रवाई को रोकने का प्रयास है, जिसके लिए पहले कांग्रेस की अनुमति अनिवार्य होगी। यह कदम इस बात की परीक्षा है कि क्या रिपब्लिकन सीनेटर ट्रंप प्रशासन को क्षेत्र में नौसैनिक बलों की तैनाती जारी रखने की अनुमति देंगे या नहीं? हालांकि इस विधेयक के पारित होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि इसे राष्ट्रपति ट्रंप के हस्ताक्षर की आवश्यकता होगी, फिर भी यह सांसदों को ट्रंप के वेनेजुएला पर सार्वजनिक हमले की धमकियों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का अवसर देता है।

### अमेरिका ने ड्रग तस्करी के आरोप में एक और नाव पर किया हमला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने गुरुवार को बताया कि अमेरिकी सेना ने कैरेबियाई सागर में एक नाव पर घातक हमला किया, जिसे नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल बताया गया है। इस हमले में नाव पर सवार तीन लोगों की मौत हो गई। हेगसेथ ने बताया कि यह हमला ट्रंप प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान का 17वां हमला है। इस अभियान में अब तक कम से कम 69 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस हमले का 20 सेकंड का वीडियो साझा किया और लिखा, 'जैसा हमने कहा है, नशा बेचने वाले आतंकियों पर नाव हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक अमेरिकी लोगों को जहर देने का यह सिलसिला खत्म नहीं होता।' रक्षा मंत्री ने दावा किया कि जिस नाव पर हमला किया गया, वह एक नामित आतंकवादी संगठन की तरफ से चलाई जा रही थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हमलों का बचाव करते हुए कहा है कि अमेरिका ड्रग कार्टेल्स के साथ सशस्त्र संघर्ष में है। हालांकि, प्रशासन ने अब तक इन दावों के समर्थन में कोई सबूत या अतिरिक्त जानकारी जारी नहीं की है।

### बोलीविया की पूर्व राष्ट्रपति जेल से रिहा

**सुक्रे, एजेंसी।** बोलीविया की पूर्व अंतरिम राष्ट्रपति जीनिन एनेज गुरुवार (06 नवंबर) को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जेल से रिहा हो गईं। कोर्ट ने उनकी 10 साल की सजा रद्द कर दी है। ला पाज शहर के मिराफ्लोरेस महिला जेल से बाहर निकलते हुए एनेज ने मुस्कुराए और बोलीविया का झंडा लहराया। इसी के साथ भगे हुए गले से उन्होंने कहा, 'मैंने अपने देश को वह सब कुछ दिया जो मुझे देना था। यह बहुत दर्दनाक रहा है। उन्होंने मेरे साथ एक असली अपराधी जैसा व्यवहार किया।' बता दें कि एनेज चार साल से ज्यादा समय से जेल में थीं। उन्हें मार्च 2021 में गिरफ्तार किया गया था और जून 2022 में दोषी ठहराया गया था। जो कि 2019 के घातक विरोध प्रदर्शनों के बाद एक विवादास्पद नेशनल असेंबली सत्र में राष्ट्रपति पद संभालने में उनकी भूमिका के लिए था, जिसके कारण तत्कालीन राष्ट्रपति इवो मोरालेस (2006-2019) को इस्तीफा देना पड़ा।

### ट्रंप प्रशासन को नवंबर में एसएनएपी खाद्य सहायता पूरी तरह देने का आदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य में एक संघीय न्यायाधीश ने गुरुवार को ट्रंप प्रशासन को आदेश दिया कि वह नवंबर महीने के लिए एसएनएपी यानी खाद्य सहायता कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को पूरी राशि मुहैया कराए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन जे. मैककोनेल जूनियर ने अपने फैसले में ट्रंप प्रशासन को शुक्रवार तक इन भुगतानों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 4.2 करोड़ अमेरिकियों यानी हर 8 में से 1 व्यक्ति को यह राशि अपने डेबिट कार्ड्स पर इतनी जल्दी नहीं मिलेगी, जिनका उपयोग वे किराना खरीदने में करते हैं। यह आदेश उन शहरों और गैर-लाभकारी संगठनों की याचिकाओं के बाद आया जिन्होंने सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी कि वह केवल 65 प्रतिशत लाभ ही देगी। इस निर्णय के कारण कुछ जरूरतमंदों को इस महीने कोई सहायता नहीं मिलती। मैककोनेल उन दो संघीय न्यायाधीशों में से एक हैं जिन्होंने पिछले हफ्ते फैसला दिया था कि संघीय शटडाउन के कारण ट्रंप प्रशासन नवंबर के खाद्य लाभों को पूरी तरह रोक नहीं सकता।

# सूडान में दो साल बाद आरएसएफ-एसएएफ युद्धविराम पर सहमत

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान में दो साल से जारी खूनी संघर्ष के बीच अब शांति की किरण नजर आ रही है। देश की अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने कहा है कि वह अमेरिका के प्रस्ताव पर सूडानी सेना (एसएएफ) के साथ युद्धविराम के लिए तैयार है। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, आरएसएफ ने गुरुवार को कहा कि वह अमेरिका, सऊदी अरब, मिस्र और संयुक्त अरब अमीरात की अगुवाई वाले 'क्वाड' समूह की तरफ से सुझाए गए मानवीय युद्धविराम को स्वीकार करने को तैयार है। इस युद्धविराम का उद्देश्य युद्ध से बिगड़ते मानवीय हालात को संभालना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। हालांकि, इस घोषणा पर सूडान की नियमित सेना की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।



**समझौते के बिंदुओं पर काम जारी :** अमेरिका के अरब और अफ्रीकी मामलों के वरिष्ठ सलाहकार मसाद बुलोस ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिशें चल रही हैं और उन्होंने सिद्धांत रूप में सहमति दे दी है। बुलोस के मुताबिक, 'किसी भी पक्ष ने शुरुआत में आपत्ति नहीं जताई है। अब हम समझौते के अहम बिंदुओं पर काम कर रहे हैं।'

**सेना प्रमुख का तीखा बयान :** इसी बीच, सेना प्रमुख अब्देल फतह अल-बुरहान ने गुरुवार को अपने संबोधन में कहा कि उनकी सेना दुश्मन की हार के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा, 'जल्द ही हम उन लोगों का बदला लेंगे जिन्हें मार दिया गया या जिन पर अत्याचार हुआ... उन सभी इलाकों में जहां विद्रोहियों ने हमला किया।'

**आरएसएफ पर अल-फाशर में जनसंहार के आरोप :** यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब आरएसएफ पर उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल-फाशर पर कब्जे के दौरान जनसंहार के आरोप लगे हैं। 26 अक्तूबर को शहर पर नियंत्रण पाने से पहले आरएसएफ ने करीब 18 महीने तक घेराबंदी की थी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, आरएसएफ के कब्जे के बाद से 70000 से अधिक लोग अल-फाशर और उसके आसपास के इलाकों से पलायन कर चुके हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और मानवाधिकार संगठनों ने बताया है कि शहर में सामूहिक हत्याएं, दुष्कर्म और अत्याचार हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी बताया था कि आरएसएफ के कब्जे के दौरान एक बच्चों के अस्पताल में 460 से अधिक मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों की मौत हुई।

**आरएसएफ-एसएएफ पर युद्ध अपराधों के आरोप :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने सितंबर में जारी अपनी रिपोर्ट में आरएसएफ और एसएएफ दोनों को युद्ध अपराधों का जिम्मेदार ठहराया था। इसमें कहा गया कि दोनों पक्षों ने नागरिकों पर हमले, हत्याएं और यौन हिंसा जैसे गंभीर अपराध किए हैं। वर्तमान में आरएसएफ का नियंत्रण सूडान के पश्चिमी दारफुर और दक्षिणी हिस्सों पर है, जबकि सेना उत्तर, पूर्व और नील नदी व लाल सागर के आसपास के इलाकों में मजबूत है।

## रूस में मेडिकल की पढ़ाई करने गए भारतीय छात्र की मौत, नदी के किनारे मिला शव, जांच की मांग

**मास्को, एजेंसी।** रूस के उफा शहर में 19 दिन पहले लापता हुए भारतीय छात्र अजीत सिंह चौधरी का शव बरामद हुआ है। वह राजस्थान के अलवर जिले में लक्ष्मणगढ़ के कफनवाड़ा गांव का रहने वाला था। अजीत ने 2023 में बैशकिर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लिया था। वह इस साल 19 अक्टूबर को उफा में लापता हो गया था। छात्र सुबह करीब 11 बजे दूध खरीदने की बात कहकर हॉस्टल से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अलवर सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान ने बताया कि अजीत चौधरी का शव व्हाइट नदी के किनारे बने बांध में मिला। रूस में भारतीय दूतावास की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है, लेकिन गुरुवार को चौधरी के परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई। 22 वर्षीय लड़के के लापता होने की खबर सुनकर परिवार बेहद परेशान था। घरवाले उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास और प्रार्थना कर रहे थे। नदी किनारे कपड़े और मोबाइल मिला पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह अलवर ने कहा कि 19 दिन पहले नदी किनारे पर छात्र के कपड़े, मोबाइल फोन और जूते मिले थे। उन्होंने आरोप लगाया कि लड़के के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में कोई अनहोनी घटना हुई है। उन्होंने एक्स



पर लिखा, 'अजीत को परिवार ने बड़ी उम्मीदों और अपनी गाढ़ी कमाई जुटाकर मेडिकल पढ़ाई के लिए रूस भेजा था। नदी में उसका शव मिलने की खबर बेहद झकझोर देने वाली है। परिवार के लिए यह अत्यंत दुखद क्षण है। हमने एक होनहार युवा को खो दिया।' शव भारत लाने में मदद करने की अपील कांग्रेस नेता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से छात्र का शव भारत लाने में मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'लड़के के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में अनहोनी हुई है। इसकी पूरी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। परिवार को अब आपके दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें।' ऑल इंडिया मेडिकल स्टूडेंट्स एसोसिएशन की फॉरेन मेडिकल स्टूडेंट्स विंग ने भी इस मामले में जयशंकर से संपर्क किया है। कहा गया, 'यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे अजीत के दोस्तों ने शव की पहचान की पुष्टि की है।' यूनिवर्सिटी का अब तक कोई बयान नहीं आया है।

## शंघाई में भारतीय दूत ने स्वर्ण मंदिर के रागी का सम्मान किया

**शंघाई , एजेंसी।** शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के काउंसलर जनरल प्रतीक माथुर ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर से आए रागी भाई मनिंदर सिंह जी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। यह मुलाकात गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के शुभ अवसर पर हुई। दूतावास ने बताया कि मुलाकात के दौरान गुरु जी के संदेश एक ओंकार, समानता, ईमानदार जीवन और मानवता की सेवा पर विचार साझा किए गए। रागी भाई मनिंदर सिंह जी गुरु ग्रंथ साहिब के कीर्तन और भक्ति संगीत के प्रसिद्ध प्रस्तुतकर्ता हैं। माथुर ने उनके शंघाई आने के लिए आभार जताया।

### नॉर्थ कैरोलिना की शार्लोट में फिर चुनी गईं डेमोक्रेटिक मेयर लाइल्स, अपराध के बावजूद जनता ने दिखाया भरोसा

**वाशिंगटन , एजेंसी।** नॉर्थ अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के सबसे बड़े शहर शार्लोट में मतदाताओं ने एक बार फिर डेमोक्रेटिक पार्टी की मेयर वाय लाइल्स को चुना है। शहर में बढ़ती अपराध घटनाओं और सुरक्षा चिंताओं के बावजूद उन्होंने रिपब्लिकन और लिबर्टेरियन उम्मीदवारों को आसानी से हराया। लाइल्स ने जीत के बाद कहा कि मैं उन सभी मतदाताओं की बेहद आभारी हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे एक बार फिर शहर की सेवा करने का मौका दिया। बता दें कि शार्लोट में डेमोक्रेट मतदाता रिपब्लिकनों से दो गुना ज्यादा हैं। 9 लाख से अधिक आबादी वाले इस शहर में 12 सदस्यीय सिटी काउंसिल में दस सीटें भी डेमोक्रेट्स के पास हैं, जिससे पार्टी की पकड़ और मजबूत हो गई है। यह चुनाव उस समय हुआ जब अगस्त में 23 वर्षीय यूक्रेनी युवती इरीना जारुत्स्का की ट्रेन में चाकू से हत्या ने पूरे शहर को हिला दिया था।

## पीओके में पाकिस्तान के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी, प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को




पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं।

**गोलीबारी के बाद आंदोलन ने पकड़ा जोर :** प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंदूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई।

**पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें :** एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी। कर राहत, आटे और बिजली पर सब्सिडी और विकास परियोजनाओं को पूरा करने सहित 30 मांगों को लेकर शुरू हुए इस आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में 12 से ज्यादा नागरिक मारे गए थे।

# ब्रिटेन की जेलों से हर सप्ताह कई कैदियों की गलती से हुई रिहाई

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में हर सप्ताह कई कैदियों को गलती से जेल से रिहा कर दिया जाता है। इस सप्ताह दो और मामले सामने आए हैं। इनमें एक अल्जीरियाई नागरिक भी शामिल है जो यौन ऑफेंडर्स रजिस्टर में है। ब्रिटेन के न्याय विभाग की मंत्री एलेक्स डेविस जोन्स ने कहा कि जेल प्रणाली पूरी तरह अव्यवस्थित है। सरकार पहले से अधिक विदेशी कैदियों को देश से बाहर भेज रही है और अब उन्हें सजा सुनाए जाने के तुरंत बाद ही देश से निकाले जाने की योजना है, बजाय इसके कि वे ब्रिटिश जेलों में सजा काटें। देश में कैदियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में दोगुनी हो चुकी है। सरकार के अनुसार मार्च 2025 तक के 12 महीनों में 262 कैदी गलती से रिहा हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुने से भी अधिक हैं और लगातार चौथे वर्ष बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यह मुद्दा तब उजागर हुआ जब हाल ही में एक इथियोपियाई प्रवासी और यौन अपराधी हदुश गेरबरस्लासी केबातु को गलती से रिहा कर दिया गया।

**दक्षिण कोरिया के बंद पड़े बिजली संयंत्र में ढांचा गिरने से 1 व्यक्ति की मौत, 6 अन्य फंसे : उल्सान , एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के उल्सान शहर में बंद पड़े एक ताप विद्युत संयंत्र में तोड़फोड़ के दौरान 60 मीटर ऊंचा एक टावर गिर गया, जिससे कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य मलबे में दब गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अन्य व्यक्ति के भी मारे जाने की आशंका है। गुरुवार दोपहर टावर गिरने की सूचना मिलने के तुरंत बाद बचावकर्मियों ने दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। उल्सान के अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी किम जियोंग-शिक ने बताया कि बाद में बचाए गए एक अन्य कर्मचारी की शुक्रवार तड़के एक अस्पताल में मौत हो गई।

**उत्तर कोरिया ने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल- दक्षिण कोरिया : प्योंगयांग , एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया ने उसके पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने शुक्रवार को तुरंत कोई अन्य विवरण जारी नहीं किया। यह स्पष्ट नहीं था कि यह किस प्रकार का बैलिस्टिक हथियार था या इसकी उड़ान कितनी दूर तक गई।

## मेयर चुनाव जीतने के बाद सोमोस में बोले ममदानी- न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी

**सैन जुआन , एजेंसी।** न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद गुरुवार को प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयॉर्क के राजनेता और लॉबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन 'सोमोस' के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

**मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं- ममदानी :** समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते।' उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की।

**सम्मेलन में कई विषयों पर रखे गए कार्यक्रम :** इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे



विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधायी कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है। जोहरान ममदानी, जो सिर्फ 34 वर्ष के हैं, ने हाल ही में अपनी ट्रांजिशन टीम की घोषणा की है। इस टीम में अनुभवी अधिकारी शामिल हैं जो उन्हें सिटी हॉल संभालने और उनकी 'अफोर्डेबिलिटी एजेंडा' को लागू करने में मदद करेंगे।

**न्यूयॉर्क के मौजूदा मेयर से ममदानी ने की बातचीत :** प्यूर्टो रिको पहुंचने से पहले जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के मौजूदा मेयर एरिक एडम्स से फोन पर बात की। एरिक एडम्स ने उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। हालांकि एडम्स खुद इस सम्मेलन में शामिल नहीं हुए। जोहरान ममदानी ने मंगलवार को हुए चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्र्यू कुओमो और रिपब्लिकन प्रत्याशी कर्टिस स्लिवा को हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। जानकारी के अनुसार, ममदानी शनिवार को न्यूयॉर्क लौटेंगे।

## अमेरिका में डेमोक्रेट्स की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न, बोले- मतदाता अब ट्रंप का एजेंडा नकार रहे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा गुरुवार को वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिकी वोटर्स अब ट्रंप के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है।

ओबामा ने पॉड सेव अमेरिका नाम के पॉडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, 'हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा।' उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। ' न्यूयॉर्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमशः डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयॉर्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। पॉडकास्ट में क्या बोले ओबामा? ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट



एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है। ओबामा ने कहा, 'हम स्वीकार करते हैं कि हमारे बीच मतभेद हैं। हां, कुछ लड़ाइयां लड़ी जाएंगी, लेकिन भीतर कहीं हमारे पास एक साझा मूल है जो असाधारण है।

## अमेरिका में उड़ानें रद्द होने की संख्या में आई तेजी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी एयरलाइनों ने गुरुवार को सैकड़ों उड़ानें रद्द करना शुरू कर दिया है। क्योंकि संघीय विमानन प्रशासन ने शुक्रवार से देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर यातायात कम करने का आदेश दिया है। उड़ान व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शुक्रवार के लिए निर्धारित करीब 500 उड़ानों में पहले ही कटौती कर दी गई थी, गुरुवार दोपहर तक रद्दीकरण की संख्या में लगातार वृद्धि हुई।

अमेरिका के 40 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती करने के एफएए के आदेश में न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स और शिकागो शामिल हैं, लेकिन इसका प्रभाव कई छोटे हवाई अड्डों पर भी यात्रा को बाधित करेगा। एफएए यात्रा सुरक्षा बनाए रखने के लिए 'उच्च-मात्रा' वाले बाजारों में सेवाओं में 10 प्रतिशत की कटौती करना चाहता है, क्योंकि हवाई यातायात नियंत्रकों पर शटडाउन के दौरान दबाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब ट्रंप प्रशासन कांग्रेस में डेमोक्रेट्स पर शटडाउन समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहा है।

# बारिश ने रोका रोमांच, भारत ने 2-1 से जीती टी20 सीरीज




**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में बारिश ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही रोमांचक भिड़ंत को अधूरा छोड़ दिया। मुकाबला रद्द होने के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली और दौरे का समापन विजयी अंदाज में किया। ओपनर अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय पारी की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन मौसम ने खेल में खलल डाल दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने तेजी से रन जुटाने शुरू किए। अभिषेक शर्मा ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 और शुभमन गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए। दोनों ने मात्र 4.5 ओवरों में 52 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। गिल के क्लासिक शॉट्स और अभिषेक के आक्रामक अंदाज ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग निराशाजनक रही। ग्लेन मैक्सवेल और बेन ड्वारशुइस ने अभिषेक शर्मा के दो आसान कैच छोड़ दिए, जिनका भारतीय बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। गिल ने खास तौर पर ड्वारशुइस की गेंदबाजी पर हमला करते हुए लगातार तीन चौके जड़े और पावरप्ले में टीम को तेज शुरुआत दिलाई। लेकिन जैसे ही भारत का स्कोर 4.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 52 रन पहुंचा, मैदान पर बिजली गिरने की चेतावनी मिली और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद हालात खेल के लायक नहीं रहे और अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला लिया।

इस परिणाम के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मैच चार विकेट से जीता था, जबकि भारत ने तीसरे और चौथे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। सीरीज के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने न केवल संतुलित टीम संयोजन दिखाया बल्कि नई पीढ़ी की बल्लेबाजी ताकत का भी परिचय कराया। बारिश ने भले आखिरी मैच का मजा किरकिरा कर दिया, लेकिन सीरीज जीत के साथ टीम इंडिया ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा।

# सबालेंका ने अनिसिमोवा को हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल में बनाई जगह



**–खिताबी जंग में भिड़ेंगी रयबाकिना से**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने दमदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। तीन सेट तक चले इस रोमांचक मैच में शुरुआती दौर में अनिसिमोवा ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक पलों में सबालेंका का अनुभव भारी पड़ा।

पहले सेट में सबालेंका ने अपने पावरफुल सर्व और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक्स की बदौलत 6-3 से जीत दर्ज की। हालांकि, दूसरे सेट में उनकी लय बिगड़ गई और अनिसिमोवा ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चार गेम जीतकर 4-0 की बढ़त बना ली। सबालेंका ने कोशिश की, लेकिन यह सेट 6-3 से अनिसिमोवा के नाम रहा। निर्णायक तीसरे सेट में सबालेंका ने एक बार फिर नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने ऐस की झड़ी लगाकर स्कोर 3-3 से बराबर किया और फिर एक बेहतरीन बैकहैंड विनर से ब्रेक हासिल करते हुए मैच का पासा पलट दिया। आखिरकार उन्होंने तीसरा सेट भी 6-3 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

दूसरी ओर, कजाखस्तान की एलेना रयबाकिना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमेरिका की जेसिका पेगुला को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ रयबाकिना का अपराजेय क्रम जारी रहा और वह भी फाइनल में पहुंच गईं। दोनों के बीच अब तक खेले गए 13 मैचों में सबालेंका 8-5 से आगे हैं, जिसमें 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में उनकी यादगार जीत भी शामिल है। मुकाबले से पहले सबालेंका ने कहा, 'यह एक और शानदार जंग होगी। एलेना शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन मैं भी इस खूबसूरत ट्रॉफी के लिए आखिरी मैच में पूरी ताकत झोंकने को तैयार हूं।'

# ऋषभ पंत के मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी, दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ रिटायर हर्ट हुए

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। आज यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा।



पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुहले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा।

पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है।

पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया और गेंद सीधे हेलमेट पर लगी। वह संतुलन खो बैठे और जमीन पर गिर गए। फिजियो ने तुरंत कन्कशन टेस्ट किया और क्लियरेंस मिलने के बाद उन्होंने फिर बल्लेबाजी शुरू की। दूसरी चोट उनके दाहिने कोहनी पर लगी। फिजियो ने इसके बाद उन्हें स्प्रे किया और कोहनी पर टेप भी बांधा। तीसरी चोट उनके पेट पर लगी। इससे उन्हें बेहद तकलीफ हुई, जिसके बाद टीम प्रबंधन ने उन्हें मैदान से बाहर बुला लिया। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से कोलकाता और 22 नवंबर से गुवाहाटी में दो टेस्ट खेले जायेंगे।

# अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, सबसे कम गेंदों में पूरे किए टी20 इंटरनेशनल के 1000 रन


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पांचवें और आखिरी टी20 मुकाबले में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। उन्होंने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1000 रन पूरे कर लिए, और यह उपलब्धि उन्होंने सबसे कम गेंदों में हासिल की। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने भारत के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अभिषेक ने 528 गेंदों में यह मुकाम हासिल किया, जबकि सूर्यकुमार यादव ने 573 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। इस तरह वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। दुनिया के फुल मेंबर देशों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले बल्लेबाजों में अभिषेक अब शीर्ष पर हैं। उनके बाद फिल सॉल्ट (599 गेंद), ग्लेन मैक्सवेल (604 गेंद) और आंद्रे रसेल व फिन एलन (609 गेंद) का नाम आता है।

अभिषेक शर्मा ने अब तक 28 पारियों में 189.51 के स्ट्राइक रेट से एक हजार से अधिक रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और 2 शतक लगाए हैं। वह दुनिया में सबसे कम पारियों में एक हजार रन पूरे करने वाले पांचवें बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड के डेविड मलान ने केवल 24 पारियों में यह आंकड़ा पार किया था। भारतीय बल्लेबाजों में यह रिकॉर्ड पहले विराट कोहली के नाम था, जिन्होंने 27 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे। अभिषेक ने यह उपलब्धि सिर्फ एक पारी पीछे रहकर हासिल की और कोहली के बाद भारत के लिए यह मुकाम छूने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

गाबा में खेले जा रहे इस मैच में अभिषेक को शुरुआती ओवरों में ही दो जीवनदान मिले, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया और एक बार फिर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए शानदार शुरुआत दिलाई। जारी टी20 सीरीज में वह अब तक के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिससे टीम इंडिया को निर्णायक मुकाबले में मजबूत स्थिति मिली है।

सबसे कम गेंदों में 1000 अंतरराष्ट्रीय टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ी

528 अभिषेक शर्मा
573 सूर्यकुमार यादव
599 फिल साल्ट
604 ग्लेन मैक्सवेल
609 आंद्रे रसेल/ फिन एलन



# आईसीसी ने बढ़ाई महिला वनडे विश्व कप की टीमों की संख्या, 2029 में 10 टीमें लेंगी हिस्सा

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बड़ा फैसला लिया है। आईसीसी ने हाल ही में घोषणा की कि महिला वनडे विश्व कप 2029 में अब आठ नहीं, बल्कि 10 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत द्वारा 2 नवंबर को नवी मुंबई में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप जीतने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस मैच में स्टेडियम खचाखच भरा था, जिसने महिला क्रिकेट की लोकप्रियता के नए आयाम स्थापित किए।

आईसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'बोर्ड इस टूर्नामेंट की सफलता को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित है। इसलिए 2029 विश्व कप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या को बढ़ाकर 10 किया गया है।' आईसीसी ने बताया कि इस बार के टूर्नामेंट ने दर्शकों की संख्या के मामले में नया इतिहास रचा करीब 3 लाख लोगों ने मैच स्टेडियम में देखा, जबकि भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शकों ने इसे टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखा। यह अब तक किसी भी महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रिकॉर्ड है। महिला क्रिकेट के समान विकास को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी ने अपने सहयोगी सदस्य देशों के लिए वित्तीय सहायता में 10 प्रतिशत वृद्धि की भी मंजूरी दी है। यह कदम खेल के वैश्विक विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा आईसीसी ने 'प्रोजेक्ट यूएसए' पर भी पहली रिपोर्ट पेश की। यह योजना अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड के निलंबन के बाद शुरू की गई थी ताकि खिलाड़ियों के विकास और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में उनकी निरंतर भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। यह प्रोजेक्ट लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक में क्रिकेट को सफलतापूर्वक शामिल करने और अमेरिकी टीमों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।

# टी20 सीरीज जीत पर सूर्यकुमार यादव बोले – सभी खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

ब्रिस्बेन । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया पांचवां और आखिरी टी20 मुकाबला बारिश की वजह से रद्द हो गया, जिसके साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली। मैच रद्द होने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टीम की जीत का श्रेय अपने सभी खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पिछड़ने के बाद टीम ने जिस तरह वापसी की, वह काबिले तारीफ है। सूर्यकुमार यादव ने कहा, 'यह जीत हर खिलाड़ी के सामूहिक प्रयास का नतीजा है। हम सीरीज में 0–1 से पीछे थे, लेकिन उसके बाद टीम ने जिस आत्मविश्वास और जज्बे के साथ वापसी की, वह शानदार रही। चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग सभी विभागों में हमने शानदार खेल दिखाया।' कप्तान ने अपनी तेज़ गेंदबाज़ी जोड़ी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ' 'बुमराह और अर्शदीप एक घातक जोड़ी बन चुके हैं। वहीं, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने भी अपनी जिम्मेदारी को शानदार ढंग से निभाया। वॉशिंगटन सुंदर ने पिछले मैच में शानदार योगदान दिया। अब ये खिलाड़ी काफी टी20 क्रिकेट खेल चुके हैं और खुद पर भरोसा करना सीख गए हैं।' सूर्यकुमार ने आगे कहा कि भारतीय टीम के लिए आने वाले महीने बेहद महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि उसे तीन मजबूत टीमों ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना है।

# मिताली और मजूमदार को आईसीसी महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट के लिए गौरव का क्षण है। पूर्व कप्तान मिताली राज और मौजूदा टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला क्रिकेट समिति में शामिल किया गया है। यह निर्णय उस समय आया है जब कप्तान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार वनडे विश्व कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। भारत ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर महिला क्रिकेट में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। इस मुकाबले को लगभग 3 लाख दर्शकों ने स्टेडियम में देखा, जो किसी भी महिला क्रिकेट इवेंट के लिए अब तक की सबसे बड़ी उपस्थिति रही। आईसीसी के आधिकारिक बयान में कहा गया, 'आईसीसी बोर्ड ने महिला क्रिकेट समिति के कई नए सदस्यों की नियुक्ति को मंजूरी दी है, जिनमें एशले डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, बेन सॉयर, शार्लोट एडवर्ड्स और साला स्टेला सियाले–वैआ शामिल हैं।' आईसीसी महिला क्रिकेट समिति का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट के विकास, प्रगति और प्रचार को बढ़ावा देना है। यह समिति महिला क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों पर सलाह देती है और खेल की शर्तों, नियमों तथा विनियमों की समीक्षा करके सुधारों की सिफारिश करती है ताकि सभी फॉर्मेट में निष्पक्षता और स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। समिति महिला विश्व कप और टी20 विश्व कप जैसे आईसीसी टूर्नामेंटों की संरचना, योग्यता प्रक्रिया और शेड्यूलिंग पर भी इनपुट प्रदान करती है। इसके अलावा, यह प्रतिभा विकास और खिलाड़ियों के करियर मार्गदर्शन से जुड़ी नीतियां बनाने में मदद करती है तथा समानता, समावेशिता और दृश्यता को बढ़ाने के लिए भी काम करती है।

# सुल्तान अजलान शाह कप के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, सीनियर खिलाड़ियों को आराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डिफेंडर संजय 31वें सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे क्योंकि नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित कई सीनियर खिलाड़ियों को 23 से 30 नवंबर तक मलेशिया के इपोह में होने वाले प्रतिष्ठित आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए आराम दिया गया है।

भारत की पहली पसंद के दोनों गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को आराम दिया गया है। उनकी जगह पवन और मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार को टीम में चुना गया है। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिंह भी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। संजय, जुगराज सिंह और अमित रोहिदास तीन सीनियर खिलाड़ी हैं जिन्हें रक्षात्मक पंक्ति में रखा गया है।

उनके अलावा पूवन्ना चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस और यशदीप सिवाच भी रक्षापंक्ति में शामिल हैं। मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी राजेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, नीलकांत शर्मा, रविचंद्रन सिंह, विवेक सागर और मोहम्मद रहीम मोसीन के कंधों पर होगी। सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह और अभिषेक अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।



टूर्नामेंट के लिए स्टैंडबाय में वरुण कुमार, विष्णु कांत सिंह, हार्दिक सिंह और अंगद बीर सिंह शामिल हैं। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'सुल्तान अजलान शाह कप हमेशा से ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट रहा है और हम एक संतुलित टीम के साथ इसमें भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। हमें इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।'

भारत अपने अभियान की शुरुआत 23 नवंबर को कोरिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद वह बेल्जियम (24 नवंबर), मेजबान मलेशिया (26 नवंबर), न्यूजीलैंड (27 नवंबर) और कनाडा (29 नवंबर) के खिलाफ मैच खेलेगा। यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें शीर्ष दो टीमें 30 नवंबर को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने आखिरी बार 2010 में सुल्तान अजलान शाह कप का खिताब जीता था और 2019 में उपविजेता रहा था।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर : पवन, मोहित शशिकुमार

डिफेंडर : चंदूरा बॉबी, नीलम संजीप जेस, यशदीप सिवाच, संजय, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास

मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, मोइरांगथेम सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोहम्मद राहील मौसीन

फॉरवर्ड : सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सेल्वम कार्थी, आदित्य अर्जुन लालगे, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक

# स्टीव वॉ, सचिन नहीं विराट को मानते हैं एकदिवसीय का महानतम बल्लेबाज

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ की नजर में सचिन तेंदुलकर नहीं बल्कि विराट एकदिवसीय क्रिकेट के सबसे महान खिलाड़ी हैं। वॉ के अनुसार कोहली को वह सचिन के मुकाबले अधिक नंबर इसलिए देते हैं क्योंकि विराट ने सीमित ओवर के क्रिकेट में बल्लेबाजी की एक नई ही परिभाषा ही विकसित कर दी। उनके जैसा बल्लेबाज कभी–कभी ही होता है। कोहली के अलावा उन्होंने रोहित शर्मा को भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल किया है। वॉ ने कहा, 'विराट और रोहित दो महानतम खिलाड़ी हैं। विराट एकदिवसीय का सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं। आप उन्हें हर जगह खेलते देखना चाहते हैं पर हर मैच खेलना संभव नहीं है।' वॉ ने आगे कहा, इन सर्वकालिक महान खिलाड़ियों को खेलते हुए देखना हमेशा ही काफी सुखद होता है। विराट कोहली जैसा खिलाड़ी तो किसी पीढ़ी में एक बार पैदा होने वाला खिलाड़ी है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें खेलते हुए देखना सभी । विराट एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। 2008 में डेब्यू करने वाले कोहली के नाम अब तक 305 एकदिवसीय मैचों में 14,255 रन दर्ज हैं, जिनमें 51 शतक शामिल हैं। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाने में कोई उनका सानी नहीं है। एकदिवसीय के इतिहास में 8 हजार से लेकर 14 हजार रन तक सबसे तेजी से बनाने के रिकॉर्ड उनके ही नाम हैं। वहीं सचिन टेस्ट ओर एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 18 हजार से अधिक रन हैं।



# ECB ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग किया समाप्त

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है। कूकाबुरा गेंद का इस्तेमाल पहली बार 2023 सीजन में दो राउंड के मैचों के लिए किया गया था, जिसे 2024 और 2025 में चार–चार राउंड तक बढ़ा दिया गया।

# पाकिस्तानी क्रिकेटर आजम खान ने माना, भारतीय टीम के सामने कहीं नहीं टिकता पाक



नई दिल्ली । भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के बाद अब पाकिस्तान के ही एक क्रिकेटर आजम खान ने भी माना है कि पाक टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती। सूर्या ने एशिया कप के दौरान पाकिस्तान को चिर–प्रतिद्वंद्वी बताए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि भारतीय टीम ने हमेश उसे हराया है। ऐसे में वह प्रतिद्वंद्वी कैसे हुई ? इसलिए इस प्रकार की बातें नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि टक्कर जैसी कोई बात भी तो होनी चाहिए। पाकिस्तान अब टक्कर तक नहीं दे पाता। विकेटकीपर बल्लेबाज आजम ने माना है कि भारतीय कप्तान ने सही बात कही है। दोनो टीमों में अब बराबरी का मुकाबला नहीं होता। आजम ने हालांकि जिस प्रकार से से बात स्वीकार की है। उससे उनका करियर तक मुश्किल में पड़ सकता है। इससे पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी उनसे नाराज हो सकते हैं। नकवी एशिया कप के बाद से ही भारतीय टीम से खार खाये बैठे हैं। यहां तक कि एशिया कप ट्रॉफी पर भी उन्होंने कब्जा कर रखा है। आजम ने कहा कि भारत–पाकिस्तान में अब टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, अगर आप आईसीसी टूर्नामेंट्स को देखेंगे तो मुझे लगता है कि मुझे नहीं पता कि मुझे ये कहना चाहिए या नहीं, लेकिन यही सही है। आजम ने पाकिस्तान के लिए 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। वह आखिरी बार पाकिस्तान के लिए टी20 वर्ल्ड कप में खेलते हुए दिखे थे। उसके बाद से ही वह राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। अब इस बयान के बाद उनकी पाक टीम में वापसी और भी कठिन हो जाएगा।

# विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ताई जु यिंग ने बैडमिंटन से संन्यास लिया, सिंधू ने दी मार्मिक विदाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और चीनी ताइपे की महिला बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी ताई जु यिंग ने खेल से संन्यास ले लिया है जिसके साथ उनके शानदार करियर का अंत हो गया है, जिसमें उन्होंने 17 BWF विश्व टूर खिताब जीते और 12 टूर्नामेंट में उपविजेता रहीं। अपनी कलात्मकता और कलाई के जादू के लिए मशहूर 31 वर्षीय शटलर ने कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें संन्यास का फैसला करना पड़ा। उन्होंने अपना आखिरी बीडब्ल्यूएफ खिताब 2024 में इंडिया ओपन में जीता था।

ताई जु ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'एक खूबसूरत अध्याय समाप्त हो गया है। बैडमिंटन, आपने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए आभार।' उन्होंने कहा, 'आखिरकार मेरी चोटों ने मुझे कोर्ट छोड़ने पर मजबूर कर दिया। मैं अपने करियर का अंत उस तरह नहीं कर पाई जैसा मैंने सोचा था और मुझे यह बात स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा।'

दक्षिणी ताइवान के शहर काऊशुंग में जन्मी ताई जु पिछले साल से चोटों से जूझ रही थी और अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर वापसी नहीं कर पाई। विश्व चैंपियनशिप दो बार की पदक विजेता ने कहा कि फिलहाल उनका ध्यान कुछ समय शांति के साथ बिताने पर है। उन्होंने लिखा, 'मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मैं आगे क्या करूंगी, लेकिन फिलहाल मैं अलार्म घड़ियों के बिना जीवन का आनंद लेने जा रही हूं।'

भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ताई जु को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर एक मार्मिक संदेश लिखा। सिंधू ने कहा, 'पंद्रह वर्षों से अधिक समय तक आप मेरी ऐसी प्रतिद्वंद्वी रही जिन्होंने मुझे हर बार मेरी सीमा तक धकेला। मेरे जीवन के दो सबसे महत्वपूर्ण पदक रियो 2016 ओलंपिक में रजत और 2019 विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण मैंने आपके साथ उन मैराथन और सांस थाम देने वाले मुकाबलों के बाद हासिल किए।'

उन्होंने कहा, 'रियो में हमारे बीच प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला हुआ था और बासेल में क्वार्टर फाइनल में। इन दोनों अवसरों पर मुझे हमेशा की तरह कड़ी मेहनत करनी पड़ी। और हां, आपने 2021 में मुझे सेमीफाइनल में हरा दिया था और यही नहीं मुझे एशियाई खेलों में मुझे स्वर्ण पदक जीतने से रोक दिया था। इन पलों को याद करके मैं आज भी मुस्कुरा जाती हूं।'

सिंधू ने लिखा, 'मैं इस बात नहीं छिपाऊंगी, मुझे आपके साथ खेलना बिल्कुल पसंद नहीं था। आपकी कलाई की कला, आपका चालाकी भरा खेल, आपकी शांत प्रतिभा ने मुझे उससे भी ज़्यादा गहराई तक जाने के लिए प्रेरित किया, जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। आपका सामना करने से एक खिलाड़ी के रूप में मैं बदल गई।'



भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'लेकिन प्रतिद्वंद्विता से परे हमारे बीच अच्छी दोस्ती और एक दूसरे के प्रति सम्मान था। आपके संन्यास लेने से ऐसा लग रहा है जैसे मैंने अपने सफर का एक हिस्सा को दिया हो। खेल को और मुझे आपके जादू की कमी खलेगी। मुझे अब यह एहसास होने लगा है कि मेरी पीढ़ी के खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल को अलविदा कहने लगे हैं और कोई भी चीज आपको इसके लिए तैयार नहीं करती।'

# नई फ्लैगशिप डिवाइस एक्स300 अल्ट्रा लॉन्च करेगा वीवो

**नईदिल्ली ।**

वीवो अपनी नई फ्लैगशिप डिवाइस एक्स300 अल्ट्रा जल्द लॉन्च करने जा रही है। हाल ही में वीवो ने एक्स300 और एक्स300प्रो मॉडल्स को पेश किया था, और अब इस सीरीज का सबसे प्रीमियम वर्जन पेश किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, यह फोन मोबाइल फोटोग्राफी को नई ऊंचाई पर ले जाएगा, क्योंकि इसमें दो 200 मेगापिक्सल कैमरे दिए जाने की संभावना है। टिपस्टर डिजिटल चैट स्टेशन के अनुसार, वीवो एक्स300 अल्ट्रा में कुल तीन रियर कैमरे होंगे, जिनमें से दो 200 एमपी सेंसर होंगे एक मेन लेंस और दूसरा टेलिफोटो लेंस के रूप में।

कैमरे के सेंसर बड़े और अपग्रेडेड होंगे, जिससे लो-लाइट और डिटेल्ड फोटोग्राफी में बेहतरीन रिजल्ट मिलेंगे। इसका प्राइमरी लेंस 35 एमएम फोकल लेंथ के साथ आ सकता है, जो पोर्ट्रेट, स्ट्रीट और डेली फोटोग्राफी के लिए आदर्श होगा। फोन के डिज़ाइन और परफॉर्मेंस के लिहाज से भी कंपनी कोई समझौता नहीं करने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस स्मार्टफोन में 6.8 इंच का 2के ओलेड डिस्प्ले दिया जाएगा। इसमें स्नैपड्रेगन 8 इलाइट जेन 5 चिपसेट का इस्तेमाल किया जाएगा, जो इसे बेहद पावरफुल और स्मूद परफॉर्मेंस देगा।




सॉफ्टवेयर के मोर्चे पर यह डिवाइस एंड्राएड 16 पर आधारित ओरिजीन ओएस 6 पर चलेगा। इसके कैमरा, डिस्प्ले और प्रोसेसर फीचर्स को देखते हुए यह फोन आने वाले समय में फोटोग्राफी प्रेमियों और हाई-एंड यूज़र्स के लिए एक शानदार विकल्प साबित हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फोन को आईएमईआई डेटाबेस में मॉडल नंबर वी2562 के साथ देखा गया है, जिससे संकेत मिलता है कि यह फोन सिर्फ चीन ही नहीं, बल्कि ग्लोबल मार्केट में भी लॉन्च हो सकता है। संभावना है कि वीवो एक्स300 अल्ट्रा को साल 2026 की दूसरी तिमाही में लॉन्च किया जाएगा।

## नई ऑफ-रोड बाइक एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन पेश




**नईदिल्ली ।**

हीरो मोटोकॉर्प ने इटली के मिलान में आयोजित ईआईसीएमए 2025 मोटर शो में अपनी नई ऑफ-रोड बाइक एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन पेश की है। कंपनी के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन पवन मुंजाल ने इसे लॉन्च करते हुए बताया कि यह मॉडल एक्सपल्स 210 एडिशन का अपग्रेडेड और ज्यादा पावरफुल वर्जन है, जिसमें 'डकार डीएनए' झलकता है। नई एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन को विशेष रूप से कठिन और रोमांचक रास्तों के लिए डिजाइन किया गया है। इसका आक्रामक डिजाइन, रैली-स्टाइल बॉडी और व्हाइट, रेड तथा ब्लैक कलर स्कीम इसे रेसिंग लुक देती है।

बाइक में 210सीसी का सिंगल-सिलेंडर, डीओएचसी, 4-वाल्व लिक्विड-कूल्ड इंजन दिया गया है, जो करीब 24.2 बीएचपी पावर और 20.7 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसमें 6-स्पीड गियरबॉक्स, स्लिपर क्लच, डुअल-चैनल एबीएस और दोनों पहियों पर डिस्क ब्रेक का सेटअप दिया गया है। ऑफ-रोड राइडिंग को और बेहतर बनाने के लिए इसमें एडजस्टेबल सस्पेंशन सिस्टम और मैक्सिस नॉबी टायर्स दिए गए हैं, जो ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर बेहतरीन ग्रिप प्रदान करते हैं। बाइक का टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन फीचर इसे और आधुनिक बनाते हैं। कंपनी के अनुसार,एक्सपल्स 210 डाकर एडिशन को भारत में नवंबर 2025 के अंत तक लॉन्च किया जाएगा।

## फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी जुटाएगी 10,000 करोड़

**- आईपीओ से पहले मजबूत करेगी वित्तीय स्थिति**




**मुंबई ।** बेंगलुरु की फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने 10,000 करोड़ रुपये तक की फंडिंग जुटाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी यह पूंजी पब्लिक या प्राइवेट ऑफरिंग्स (आईपीओ) के माध्यम से जुटाएगी। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट या अन्य वैध वित्तीय तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। स्विगी ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को फाइलिंग में बताया कि यह फंडिंग एक या एक से अधिक चरणों में की जाएगी, जिसके लिए शेयरधारकों और रेगुलेटरी मंजूरियों की आवश्यकता होगी। कंपनी के अनुसार यह कदम विकास योजनाओं और रणनीतिक लचीलेपन को बढ़ावा देगा। स्विगी ने शेयरधारकों को भेजी चिट्ठी में कहा कि वर्तमान बाजार परिस्थितियों और प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अतिरिक्त फंडिंग जरूरी हो गई है। कंपनी का लक्ष्य है कि वह इस पूंजी का उपयोग व्यवसाय विस्तार और तकनीकी सुधारों में करे, जिससे वह भविष्य के संभावित पब्लिक लिस्टिंग के लिए तैयार हो सके। फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेगमेंट में इस समय कड़ी प्रतिस्पर्धा है। हाल ही में स्विगी की प्रतिद्वंद्वी जेप्टो ने 450 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) की फंडिंग जुटाई, जिससे उसकी वैल्यूएशन 7 बिलियन डॉलर पहुंच गई है। इससे क्विक कॉमर्स बाजार में दबाव बढ़ा है। स्विगी ने बताया कि रैपिडो में हिस्सेदारी बेचने के बाद उसके पास फिलहाल 2,400 करोड़ रुपए कैश रिजर्व हैं। बावजूद इसके, कंपनी का मानना है कि तेजी से बदलते बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए पूंजी का भंडार बढ़ाना जरूरी है। इस फंडिंग से स्विगी को न सिर्फ ऑपरेशनल मजबूती, बल्कि भविष्य की ग्रोथ और नवाचार योजनाओं को भी गति मिलेगी।

## पाइन लैब्स आईपीओ का पहले दिन 13 फीसदी ही सब्सक्रिप्शन रहा

**नई दिल्ली ।**

फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स का आईपीओ शुक्रवार को खुला, लेकिन पहले दिन निवेशकों का उत्साह कम रहा। कुल 9.78 करोड़ शेयरों में से केवल 1.29 करोड़ शेयरों के लिए बिड हुई, यानी सब्सक्रिप्शन केवल 13 फीसदी रहा। आईपीओ का ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगातार घट रहा है। 3 नवंबर को जीएमपी 60 रुपए था, जो अब केवल 5 रुपए रह गया है। इससे संकेत मिलता है कि लिस्टिंग पर शेयर का प्राइस ऑफर प्राइस से ज्यादा नहीं बढ़ेगा। आईपीओ का प्राइस बैंड 210-221 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशक 11 नवंबर तक इसमें पैसे लगा सकते हैं। पीक एक्सवी पार्टनर्स की 20 फीसदी हिस्सेदारी की वैल्यू अब 4,775 करोड़ रुपए हो गई है। कंपनी के अधिकारी की




हिस्सेदारी की वैल्यू 584 करोड़ रुपए और को-फाउंडर लोकवीर कपूर की हिस्सेदारी लगभग 461 करोड़ रुपए हो गई।

# एसबीआई और बड़े निजी बैंक 2030 तक वैश्विक शीर्ष-10 में शामिल होने के लक्ष्य पर

**नई दिल्ली।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि आने वाले वर्षों में एसबीआई और दो बड़े निजी क्षेत्र के बैंक 2030 तक बाजार पूंजीकरण के आधार पर दुनिया के शीर्ष-10 बैंक बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि एसबीआई का बाजार पूंजीकरण वर्तमान में 100 अरब डॉलर से ऊपर पहुंच चुका है। हालांकि अधिकारी ने निजी क्षेत्र के दो बैंकों के नाम नहीं बताए, लेकिन वर्तमान में एचडीएफसी बैंक बैंक 15.11 लाख करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 9.59 लाख करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ देश के सबसे मूल्यवान निजी बैंक हैं। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन फिलहाल 8.82 लाख करोड़ रुपये है। संपत्तियों के आधार पर एसबीआई अभी भी भारत का सबसे बड़ा बैंक है और वैश्विक स्तर पर यह 43वें स्थान पर है। एसबीआई का यह बयान ऐसे समय आया है जब केंद्र सरकार बड़े और विश्वस्तरीय बैंक बनाने के लिए विलय की प्रक्रिया पर जोर दे रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि भारत को मजबूत वैश्विक बैंक की आवश्यकता है। एसबीआई 25,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटा रहा है। अधिकारी ने बताया कि यह पूंजी जुटाना विस्तार के लिए नहीं बल्कि बैंक की




पूंजी स्थिति मजबूत करने के लिए है। वर्ष के अंत तक बैंक का कैपिटल एडिक्वेसी रेशियो 15 फीसदी से ऊपर और कैपिटल 12 फीसदी से अधिक रखने का लक्ष्य है। एसबीआई में इंजीनियरिंग स्नातकों में नौकरी के प्रति बढ़ती रुचि ने बैंक को नई तकनीक अपनाने और डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने में मदद की है।

## पेट्रोल-डीजल के भाव में मामूली बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।** पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को नए भाव जारी कर दिए हैं। पटना में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 106.11 रुपए प्रति लीटर हो गई, जबकि शुक्रवार को यह 105.23 थी। डीजल भी 92.32 रुपए प्रति लीटर हो गया, जो शुक्रवार को 91.49 रुपए प्रति लीटर था। पिछले 10 दिनों में कीमतों में हल्का उतार-चढ़ाव देखा गया। देश के विभिन्न राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें अलग-अलग हैं। आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 109.37 और डीजल 97.22 रुपए प्रति लीटर सबसे महंगा है, जबकि अंडमान और निकोबार में पेट्रोल 82.46 और डीजल 78.05 रुपए सबसे सस्ता है। दक्षिण भारत में ईंधन की कीमतें अधिक और उत्तर भारत व कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में कम हैं। इस बीच, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में दैनिक उतार-चढ़ाव बना हुआ है।




## आरबीआई ने चांदी पर भी लोन की अनुमति दी

**- सुविधा 1 अप्रैल 2026 से लागू**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चांदी पर लोन लेने की अनुमति दे दी है। अब लोग अपने पास रखी चांदी के गहने और सिक्के गिरवी रखकर कर्ज ले सकते हैं। इससे आर्थिक आपातकालीन जरूरतों को पूरा करना आसान होगा। यह सुविधा 1 अप्रैल 2026 से सभी बैंकों और वित्तीय संस्थानों में लागू होगी। कमर्शियल बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक, रीजनल रूरल बैंक (आरआरबी), शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंक, नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियां (एनबीएफसी) और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां यह सुविधा उपलब्ध कराएंगी। गिरवी रखने की सीमा और लोन राशि इस प्रकार रहेगी- चांदी के गहने- अधिकतम 10 किलोग्राम और चांदी के सिक्के अधिकतम 500 ग्राम। लोन राशि लोन टू वैल्य रेशो के आधार पर तय होगी, यानी चांदी के मूल्य के अनुपात में कितनी रकम मिल सकती है।

## भारत की 30 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय सुधार जरूरी- वर्ल्ड बैंक




**मुंबई ।**

वर्ल्ड बैंक की ताज़ा फाइनेंस सेक्टर असेसमेंट (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारत अगले 20 वर्षों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना चाहता है, तो उसे वित्तीय क्षेत्र में सुधारों की गति तेज करनी होगी। रिपोर्ट ने निजी पूंजी जुटाने और वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत का वर्ल्ड क्लास डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी कार्यक्रमों ने महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच में सुधार किया है। हालांकि महिलाओं के बैंक खातों के वास्तविक उपयोग को बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई है। 2017 के बाद से भारत का वित्तीय तंत्र अधिक मजबूत, विविध और समावेशी बन गया है। कैपिटल मार्केट तेजी से बढ़ा, और जीडीपी के 144 फीसदी से बढ़कर लगभग 175 फीसदी तक पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ-वर्ल्ड बैंक की संयुक्त टीम के मूल्यांकन का स्वागत किया और आगे के सुधारों पर काम जारी रखने की बात कही।

# विदेशी बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितता से सेंसेक्स-निफ्टी में गिरावट रही

**- मुनाफावसूली और विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने शेयर बाजार पर बनाया दबाव**

**मुंबई ।**

भारत का शेयर बाजार 7 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में लगातार उतार-चढ़ाव भरा प्रदर्शन दिखाने के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछले सप्ताह गुरुनानक जंयती के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहने की वजह से बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार, मिश्रित कॉर्पोरेट परिणाम, विदेशी निवेशकों की निरंतर बिकवाली और अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता में अनिश्चितता ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ाई और बाजार को कमजोर किया। सप्ताह की शुरुआत मुनाफावसूली और विदेशी फंडों की निकासी के कारण नकारात्मक रही। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 261.39 अंक गिरकर 83,677.32 पर खुला, लेकिन दिन के अंत में 83,978.49 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 62.9 अंक गिरकर 25,659.20 पर खुला और 25,763.35 पर बंद हुआ। निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजे और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर सतर्क रहे।

सेंसेक्स 55 अंक गिरकर 83,923.48 पर खुला और 519.24 अंक गिरकर 83,459.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.95 अंक गिरकर 25,722.40 पर खुला और 25,597.65 पर बंद हुआ। वहीं बुधवार को गुरुनानक जयंती के कारण बाजार बंद रहा। गुरुवार को वैश्विक बाजारों में तेजी और ब्लू-चिप शेयरों में खरीदारी के बावजूद सेंसेक्स 376.89 अंक बढ़कर 83,836.04 पर खुला, लेकिन



दिन के अंत में 83,311.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 81.5 अंक बढ़कर 25,679.15 पर खुला और 25,509.70 पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और वैश्विक कमजोर रुख के कारण शुक्रवार को समाप्त सप्ताह में सेंसेक्स 631.93 अंक गिरकर 82,679.08 पर खुला और 83,216.28 पर बंद हुआ। निफ्टी 184.55 अंक गिरकर 25,325.15 पर खुला और 25,492.30 पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क बने हुए हैं। आने वाले हफ्तों में अमेरिकी ब्याज दर नीति और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता बाजार की दिशा तय करेंगे।

## यूग्रो कैपिटल का दूसरी तिमाही में मुनाफा 19 फीसदी बढ़कर 43 करोड़ पहुंचा

**मुंबई ।** गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी यूग्रो कैपिटल का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़कर 43 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। यूग्रो कैपिटल ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 461 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 343 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी ने 322 करोड़ रुपये की ब्याज आय अर्जित की, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 208 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के संबंध में, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गईं, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2.1 प्रतिशत थी।

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक का मुनाफा दूसरी तिमाही में घटकर 52 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** श्नाइडर इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 52.32 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की समान तिमाही के 54.27 करोड़ रुपए के मुकाबले 3.54 फीसदी कम है। कंपनी की कुल आय इस तिमाही में बढ़कर 654.58 करोड़ रुपए हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 608.64 करोड़ रुपए थी। आय में यह 7.48 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाती है कि कंपनी के कारोबार में वृद्धि जारी है। समीक्षाधीन तिमाही में कुल व्यय भी बढ़कर 584.61 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 544.12 करोड़ रुपए के मुकाबले लगभग 7.44 फीसदी अधिक है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए निवेश दर बढ़ाना जरूरीः नीति आयोग सीईओ

**- अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में**

**मुंबई ।**

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता महीने के अंत तक सफल हो सकती है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है और उम्मीद है कि जल्द ही इसमें ठोस परिणाम सामने आएंगे। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को 8-9 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखने के लिए अपनी निवेश दर को जीडीपी के 35-36 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा, जो वर्तमान में लगभग 30-31 प्रतिशत है। निवेश दर बढ़ाने से देश की आर्थिक वृद्धि में स्थिरता आएगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूती मिलेगी। उन्होंने नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि यह नवंबर तक चालू होगा। मिशन के तहत 15 प्रमुख सेक्टर्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और 75 स्थानों पर सेक्टोरल क्लस्टर बनाकर भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धी मैन्युफैक्चरिंग हब बनाया जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने मानव पूंजी को आर्थिक विकास का आधार बताया। यदि केवल 1 रुपया निवेश करना हो तो उसे कौशल विकास और शिक्षा पर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में छात्र औसतन 6-7 साल की स्कूली शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि दक्षिण कोरिया में यह अवधि 13-14





साल है। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर खुली अर्थव्यवस्था बनाए रखना चाहिए। विदेशी निवेशक भारत के बाजार और लागत प्रतिस्पर्धात्मकता की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसके लिए नौकरशाही को कम करना और न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के सिद्धांत पर ध्यान देना जरूरी है।

## गोल्डमैन सैक्स ने भारत से रिकॉर्ड 49 प्रबंध निदेशक बनाए

**नई दिल्ली ।** गोल्डमैन सैक्स ने भारत से 49 लोगों को प्रबंध निदेशक (एमडी) पद पर पदोन्नत किया, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस कदम से बेंगलूरु के प्रौद्योगिकी केंद्र की वैश्विक महत्वता और बैंक के भारतीय संचालन में उसकी प्राथमिकता का संकेत मिलता है। पदोन्नति में बेंगलूरु से 38, मुंबई से 6 और हैदराबाद से 5 लोग शामिल हैं। 2023 में यह संख्या 35 थी। मुंबई कार्यालय बैंक के भारतीय व्यवसाय का संचालन करता है, जबकि बेंगलूरु कार्यालय फर्म का प्रमुख वैश्विक तकनीकी केंद्र है। गोल्डमैन सैक्स ने दुनिया भर के 638 लोगों को एमडी बनाया। अमेरिका के कर्मचारियों की हिस्सेदारी 56 फीसदी (358 लोग) और ईएमईए क्षेत्र की 25 फीसदी (159 लोग) है। भारत से 94 नागरिक एमडी बने हैं। गोल्डमैन भारत के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में कदम रखने वाली शुरुआती कंपनियों में से एक रही है, जिसने 2004 में आईटी और अन्य बैक ऑफिस सहायता से जुड़ी गतिविधियों के लिए बेंगलूरु में कार्यालय स्थापित किया था। पिछले दो दशक में उसके संचालन में कई गुना वृद्धि हुई है और अब इसमें कॉरपोरेट नकदी प्रबंधन, तरलता प्रबंधन जैसे बैंकिंग कार्यों की व्यापक श्रृंखला शामिल है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी से अधिक रहने का अनुमानः सीईए



**नई दिल्ली ।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसदी से ऊपर रहने की संभावना है। जनवरी में पेश आर्थिक समीक्षा में 6.3 से 6.8 फीसदी के बीच वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। नागेश्वरन ने बताया कि जीएसटी कटौती और आयकर राहत से खपत में तेजी आई है। इसके अलावा कृषि, व्यापार, होटल, वित्तीय सेवाएँ और रियल एस्टेट क्षेत्रों की मजबूती ने वृद्धि को बढ़ावा दिया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.8 फीसदी रही। पिछली तिमाही में यह 8.4 फीसदी थी। चीन की समान अवधि में वृद्धि 5.2 फीसदी रही। भारत अब भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।



# फिल्म तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे करियर के लिए एक खास अवसर है

**बॉलीवुड में इस साल दर्शकों के लिए रोमांचक खबर है। फिल्मकार आनंद एल राय अपनी नई फिल्म तेरे इश्क में के साथ फिर से बड़े पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। इस फिल्म में अभिनेता धनुष और अभिनेत्री कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं, और अब इसमें प्रियांशु पेन्युली भी शामिल हो गए हैं। प्रियांशु अपने अलग अंदाज और दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं।**

इंटरव्यू में प्रियांशु पेन्युली ने अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, फिल्म तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे करियर के लिए एक खास अवसर है। मशहूर निर्देशक आनंद एल राय के साथ काम करना सौभाग्य की बात है। धनुष और कृति से अभिनय की बारीकियां समेत बहुत कुछ सीखने को मिला। वे प्रतिभाशाली कलाकार हैं। इनके साथ स्क्रीन साझा करना बेहद रोमांचक अनुभव रहा। मैं इसे अपने जीवन के एक खास अध्याय के रूप में देख रहा हूं। ऐसे मौके हर किसी को नहीं मिलते और इसे पाने पर मुझे गर्व है। बता दें कि फिल्म तेरे इश्क में आनंद एल राय और धनुष की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने एक साथ रांझणा और अतरंगी रे में काम किया था।

प्रियांशु ने आगे कहा, तेरे इश्क में का हिस्सा बनना मेरे लिए सिर्फ रोमांचक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बहुत खास है। फिल्म रांझणा ने दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी थी। अब मुझे उसी तरह की भावनाओं वाली कहानी में काम करने का अवसर मिला है। यह अनुभव रोमांचक लगता है। इस फिल्म में दर्शकों को प्यार, चाहत और भावनाओं की गहराई का एक नया अनुभव मिलेगा। आनंद एल राय और धनुष की यह जोड़ी पिछली फिल्मों में दर्शकों को बहुत पसंद आई थी, और अब नई कहानी के साथ यह जोड़ी फिर से पर्दे पर लौट रही है। फिल्म को आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा और भूषण कुमार ने प्रोड्यूस किया है।



# अनन्या पांडे को रिप्लेस करने पर तान्या मानिकतला ने तोड़ी चुप्पी

## फिल्म में राजकुमार राव संग आएंगी नजर



फिल्म जगत में इन दिनों एक सवाल खूब चर्चा में है– क्या मीरा नायर की मच अवेटेड फिल्म 'अमरी' में तान्या मानिकलता ने अनन्या पांडे की जगह ले ली है? सोशल मीडिया पर खबरें फैलीं कि 'किल' फेम तान्या अब लीजेंडरी पेंटर अमृता शेरगिल की भूमिका निभाने जा रही हैं। लेकिन हाल ही में तान्या ने खुद सामने आकर इन अफवाहों पर रोक लगा दी और साफ कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है। तान्या ने कहा, मुझे नहीं पता ये खबर कहां से आई। हमारे पास इस फिल्म को लेकर कोई जानकारी नहीं है। इसलिए इस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा। उनके इस बयान के बाद यह लगभग तय हो गया कि 'अमरी' फिल्म के लिए अभी तक कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दूसरी ओर तान्या ने अपनी एक और फिल्म में राजकुमार राव संग काम करने की बात पर मुहर लगा दी है। हालांकि उन्होंने खुलकर प्रोजेक्ट पर बात नहीं की लेकिन राजकुमार के साथ काम करने की बात को स्वीकार लिया।

### मीरा नायर का सपना– 'अमरी'

'अ सूटेबल बॉय' के बाद निर्देशक मीरा नायर अब एक ऐसी महिला कलाकार की कहानी पर काम कर रही हैं, जिसने भारतीय कला को नई दिशा दी। 'अमरी' नाम की यह फिल्म अमृता शेरगिल की जिंदगी पर आधारित है– एक ऐसी पेंटर जिनकी कलाकृतियों ने 20वीं सदी के शुरुआती दौर में भारतीय समाज की आत्मा को रंगों में पिरोया। फिल्म में उनकी कला, संघर्ष, और व्यक्तिगत रिश्तों की जटिल परतों को दिखाया जाएगा। मीरा नायर ने इस फिल्म की घोषणा तब की थी जब 'अ सूटेबल बॉय' की अंतरराष्ट्रीय सफलता मिली थी। उन्होंने कहा था कि वह अमृता शेरगिल की कहानी को एक महिला कलाकार की आज़ादी और अस्तित्व के संघर्ष के रूप में पेश करना चाहती हैं।

### अमृता शेरगिल– भारत और यूरोप के बीच सेतु

अमृता शेरगिल न केवल भारतीय आधुनिक कला की अग्रदूत थीं, बल्कि उन्होंने भारतीय और यूरोपीय संस्कृति के बीच एक सेतु का काम किया। उनके ब्रश की हर रेखा में भारत की मिट्टी की सोंधापन और यूरोप की कलात्मक तकनीक का मेल नजर आता था। उन्होंने महिलाओं के जीवन, देहाती भारत, और सामाजिक यथार्थ को अपने कैनवास पर ऐसे उतारा कि उनकी हर पेंटिंग आज भी जीवंत लगती है। मात्र 28 वर्ष की उम्र में 1941 में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके काम ने आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों को दिशा दी।

### तीन देशों में शूट होगी कहानी

सूत्रों के मुताबिक, 'अमरी' की शूटिंग भारत, हंगरी और फ्रांस के विभिन्न हिस्सों में की जाएगी। वहीं जगहें जहां अमृता ने अपनी जिंदगी के सबसे अहम पल बिताए थे। कहानी उनके पिता उमराव सिंह शेरगिल, पति विक्टर एगन, मंगेतर यूसुफ अली खान और मित्र जवाहरलाल नेहरू जैसे लोगों से जुड़ी भावनात्मक कड़ियों को भी छुएगी। फिल्म के लिए निर्माता कुछ प्रतिष्ठित कलाकारों जैसे विक्की कौशल, जिम सर्भ और नसीरुद्दीन शाह से भी बातचीत कर चुके हैं।

# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी में सलमान की एंट्री

रितेश देशमुख के निर्देशन में ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म राजा शिवाजी बन रही है। खबर है कि इस फिल्म में सलमान खान और संजय दत्त भी नजर आएंगे। फिल्म में सलमान खान छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंद सहयोगी जिवा महाला की भूमिका निभाएंगे, जबकि संजय दत्त अफजल खान के किरदार में दिखाई देंगे। शुक्रवार से सलमान खान फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग शुरू करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे शानदार विजुअल अनुभवों में से एक होने वाला है। इतना ही नहीं, कहानी के लिहाज से भी फिल्म में एक्टर की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं।



# रानी चटर्जी के हाथ लगी एक और फिल्म, पूजा-मुहूर्त के साथ शुरू की शूटिंग

भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी ने एक नई भोजपुरी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का टाइटल है, यू पी वाली बिहार वाली। अभिनेत्री रानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जो फिल्म के मुहूर्त का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रानी चटर्जी फिल्म की कास्ट और क्रू के साथ पूजा में हिस्सा ले रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, नई फिल्म की शुरूआत मेरी पसंदीदा टीम के साथ। यू पी वाली बिहार वाली, बहुत प्यारी कहानी और किरदार, जिसमें मेरे सह कलाकार संजना प्रशांत आलोक हैं। फिल्म के निर्देशक मंजुल जी हैं और फिल्म के निर्माता है संदीप जी मंजुल जी।

रानी की इस फिल्म का टाइटल काफी दिलचस्प है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें यूपी और बिहार दोनों की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी भी शायद इसी पर आधारित हो। फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर कर रहे हैं। रानी के अलावा इस फिल्म में संजय पांडे, प्रशांत सिंह, आलोक सिंह राजपूत, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, स्वेता वर्मा और गोपाल चौहान नजर आएंगे। फिल्म के एलान पर रानी के फैंस उत्साहित हैं और अभिनेत्री को बधाई दे रहे हैं।





# तीन घंटे की मेहतन और कई सारे अवतार

## कैसे धन पिशाचनी बनीं सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी बहुचर्चित फिल्म जटाधरा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में सोनाक्षी एक धन पिशाचनी के किरदार में नजर आएंगी, जो प्राचीन खजाने की रक्षा करती है। जानिए सोनाक्षी का धन पिशाचनी का यह लुक कैसे तैयार हुआ।


### यूट्यूब पर दिखाया कैसे बनीं धन पिशाचनी

सोनाक्षी ने अपने यूट्यूब व्लॉग पर दिखाया कि वह कैसे बनीं धन पिशाचनी। सबसे पहले सोनाक्षी अपनी पूरी टीम से मिली, जिसमें ड्रेस डिजाइनर से लेकर हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट शामिल हैं। उनका यह किरदार हैवी मेकअप, घने लंबे बाल के साथ तैयार हुआ। मोहित राय हैं, जिन्होंने सोनाक्षी के पूरे लुक को डिजाइन और स्टाइल किया है। सोनाक्षी का मेकअप हेमा दत्तानी और हेयर माधुरी और कविता ने स्टाइल किए हैं।

### यह सोनाक्षी की पहली तेलुगु फिल्म है जटाधरा

सोनाक्षी ने बताया कि वह इस रोल के लिए बेहद उत्साहित हैं। उनके लिए यह रोल करना काफी चैलेंजिंग रहा। जब सोनाक्षी को इस रोल के बारे में बतया गया, तब उन्होंने तुरंत तय कर लिया था कि वह यह किरदार जरूर करेंगी। सोनाक्षी ने धन पिशाचनी के पहले लुक के लिए लाल साड़ी, हैवी ज्वेलरी, हैवी मेकअप और खुले बालों में फोटोशूट कराया। जिसे अपने कैमरे में कशिश खान ने बड़ी ही खूबसूरती के साथ कैद किया। इस लुक में सोनाक्षी बेहद खूबसूरत दिखीं। लेकिन धन पिशाचनी का दूसरा लुक काफी भयानक रहा। दूसरे लुक में सोनक्षी हरे रंग की साड़ी में हैवी मेकअप और ज्वेलरी के साथ हाथ में खोपड़ी का कंकाल और तलवार लिए नजर आईं। उनके दोनों ही लुक एक-दूसरे से अलग, लेकिन शानदार हैं।

### फिल्म जटाधरा के बारे में



जटाधरा फिल्म में धन पिशाचिनी सोनाक्षी सिन्हा द्वारा निभाया गया एक ऐसा किरदार है, जो प्राचीन खजाने की रक्षा करने वाली एक शक्तिशाली आत्मा है, जिसे एक लालची व्यक्ति के लालच के कारण जागृत किया जाता है। यह किरदार पौराणिक पिशाचों से प्रेरित है और यह फिल्म लालच और आस्था के विषयों की पड़ताल करती है। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा शिल्पा शिरोडकर, वेंकट कल्याण, सुधीर बाबू और अभिषेक ने भी अहम रोल निभाया है।



# मैं किसी को गॉडफादर नहीं मानता

**एक समय बेंगलुरू में स्टूडेंट्स को फैशन की पढ़ाई पढ़ाने वाले गुलशन देवैया ने डिजानर बनने के बाद जब अभिनय का रुख किया, तो ये रास्ता उनके लिए कत्तई आसान न था। दैट गर्ल इन येलो बूट्स, शैतान, हंटर, मर्द को दर्द नहीं होता जैसी कई फिल्मों में तारीफें बटोरने के बाद वे कांतारा चैप्टर वन में उनके रोल की काफी सराहना मिली है।**

अपनी हालिया फिल्म कांतारा- चैप्टर 1 की अभूतपूर्व सफलता और अपनी भूमिका को मिली तारीफ पर वे कहते हैं, प्रशंसा और एप्रिसिएशन तो मुझे अपने काम के कारण हमेशा मिलता रहा है। मगर जहां तक बॉक्स ऑफिस की बात है, तो मेरे करियर में ऐसी कमाई करने वाली ब्लॉक बस्टर आज तक हुई नहीं है। तो यकीनन इससे मेरा प्रोफाइल काफी स्ट्रॉन्ग हुआ है और जो आगे खिड़कियां और दरवाजे मेरे करियर के लिए खुलेंगे, वो भी अहम होंगे। हमारी इंडस्ट्री में ये जरूर देखा जाता है कि किसकी फिल्म ने कितनी कमाई की है? मुझे लगता है, अब मेरा रेट बढ़ेगा। हां, व्यक्तिगत रूप से कोई फर्क नहीं पड़ा है। मगर मैं इसे इंजॉय कर रहा हूं।

### हिट एंड रन केस में पिता की कमर टूटना, बहुत बुरा दौर

कला गुलशन को माता-पिता से विरासत में मिली। वे कहते हैं, मेरे माता-पिता दोनों कलाकार हैं। संगीत, नाटक और पेंटिंग की विरासत मुझे उन्हीं से मिली। आज मेरी उलब्धियों पर वे खुश होते हैं, मगर मुझे अफसोस है कि वे कांतारा चैप्टर वन नहीं देख पाए। कुछ दिनों पहले एक सड़क हादसे में मेरे पिता की कमर टूट गई थी। वे बेंगलुरू में हिट एंड रन केस के शिकार हो गए। उनकी सर्जरी और ट्रीटमेंट के दौरान मैं उन्हीं के साथ था। जहां तक मेरी मम्मी की बात है, तो वे थिएटर नहीं जा पातीं, वे हैंडीकैप्ड हैं। कई चीजें वे नहीं कर पातीं, तो मुझे उनको नहलाना पड़ता है, बाल संवारने पड़ते हैं। वे बहुत सालों से बीमार हैं। मम्मी को मैं स्पेशल स्क्रीनर या फिर जब ओटीटी पर फिल्म आती है, तब दिखा पाता हूं। मेरी मां 1984 से बीमार रही हैं। उनकी इम्यूनिटी हमेशा लो रही है। मम्मी की हालात हमेशा से बुरी रही है। बीमारी में भी वे ऑफिस जाती थीं। पापा तब दूसरी चीजें संभाला करते थे। 2019 से तो वे बिस्तर पर ही हैं, इसके बावजूद जब मैं 2008 में अभिनय के लिए घर से निकला, तो मम्मी-पापा ने एक बार नहीं कहा कि उनका क्या होगा? किसी ने भी मुझे नहीं रोका। मेरी मां 77 साल की हैं और पिता 89 के, मगर मेरी मम्मी मुझसे एक रुपया भी नहीं लेतीं। मैं उन्हें जब भी पैसे देता हूं, वे लौटा देती हैं। मुझे अपनी ख्वाहिशें पूरी करने के लिए उन्होंने कभी नहीं रोका, तो आज माता-पिता की सेवा करना मेरा फर्ज है।

### मेरी पहली फिल्म रिलीज ही नहीं हुई

अपने संघर्ष के बारे में वे कहते हैं, मैं अपने स्ट्रगल का रोना नहीं रोना चाहता, क्योंकि यह इस जर्नी का हिस्सा होता है। मैंने रिजेक्शन भी सहा, तो अपनापन भी मिला। मैं गंभीर रूप से चोटिल होकर घुटने की सर्जरी से भी गुजरा। मगर मुझे अच्छे लोग भी मिले। मैं किसी को गॉडफादर नहीं मानता। आपको अपना रास्ता खुद ढूंढना होता है। अपनी पहली फिल्म टीना की चाबी में मेरा महज 3 दिन का काम था और मैंने इम्प्रोवाइज करके तीन लाइनें बोली थीं। उस फिल्म में मेरे कई दोस्त थे और डायरेक्टर भी परिचित ही थे। उस फिल्म के हीरो रणवीर शौरी थे। वो फिल्म रिलीज नहीं हो पाई थी। टेक्निकली रिलीज हुई मेरी पहली फिल्म दैट गर्ल इन येलो बूट थी। बस उस फिल्म के बाद मेरे करियर की गाड़ी चल निकली।

### कांतारा - चैप्टर वन का रोल मुझे ध्यान में रखकर लिखा गया

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, साल 2019 में के डी सतीश चंद्र ने मेरी मुलकात रिषभ शेट्टी से करवाई थी। तब रिषभ ने मुझसे कहा था कि वे हंटर के बहुत बड़े फैन हैं। उस वक्त ही मैं समझ गया था कि अपने क्राफ्ट और काम के लिए इनमें अलग तरह का जुनून है। हमने एक साथ एकाध और फिल्म भी अनाउंस की थी, मगर वो वर्कआउट नहीं हो पाई। फिर एक दिन इनका कॉल आया और अपनी राइटर टीम के साथ उन्होंने बताया कि मुझे ध्यान में रखकर एक भूमिका लिखी गई है। हालांकि शूटिंग आसान नहीं थी। मौसम बहुत खराब था, सड़कें और पुल नहीं थे। रिषभ ने पुल बनवाया, जब गाड़ियां जा नहीं पा रही थी। तमाम चुनौतियों के बावजूद मुश्किल हालातों में भी फिल्म को उत्कृष्ट ढंग से पूरा करने का जुनून उत्कृष्ट रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in